फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 183 प्रभात जयपुर, बुधवार 2 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

ARBIT




Don't Do It Yourself

'The best general is the one who wins without fighting.' And that is the hallmark of successful branding - that you leverage yourself out of the competition.

AROUND-D-WORLD: Drinking Traditions

Earth Is Cooling Faster Than We Thought

## सरिस्का से बाघ एस.टी.-13 गायब



*सरिस्का से टाइगर एस.टी. 13 गायब हो गया है, पिछले 13 दिनों से सरिस्का प्रशासन को एस.टी.-13 एक बार भी कहीं नज़र नहीं आया है, और ना ही इसका कोई पगमार्क मिला है। इस मामले में सरिस्का प्रशासन सवालों के घेरे में है। यहां जंगल से लगते एरिया में करीब 7 दिन पहले 3 तेंदुओं का शिकार हो गया था। यह मामला सुलझा भी नहीं कि अब टाइगर एसटी-13 के गायब होने से प्रशासन की चिंता और बढ़ गई है। जंगल में लगे कैमरों में भी टाइगर की कोई फोटो नहीं दिखाई दी है। इस कारण सरिस्का प्रशासन के हाथ पैर फूले हुए हैं। यह भी डर है कि, कहीं टाइगर शिकारियों का निशाना तो नहीं बन गया। हालांकि वन विभाग के अधिकारी बराबर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। टाइगर एसटी-13 का रेडियो कॉलर भी काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण प्रशासन की चिंता और ज्यादा गहरा गई है। सरिस्का प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि, पहले भी टाइगर एसटी-13 के कई दिन तक पगमार्क नहीं मिले थे। लेकिन कई दिन बाद टाइगर की साइटिंग हो गई थी। कई बार टाइगर टैरिटरी के अलावा जंगल में दूसरी तरफ चला जाता है। लेकिन इस बार टाइगर के कोई पता नहीं चल रहा है।*

# वित्त मंत्री ने ''गैर राजनीतिक'' बजट पेश किया इस बार

### पांच महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों की छाया में प्रस्तुत बजट में लोग, सस्ती लोकप्रियता से ओत-प्रोत, रियायतों व छूटों की भरमार वाला बजट होने की उम्मीद कर रहे थे

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक शक्तिशाली और मर्दाना बजट पेश किया है जिसमें काफी उत्साह अन्तर्निहित है। उन्होंने महत्वाकांक्षी दिखाई है और अगले 25 वर्षों के लिए देश में ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की है जो सर्वसाधारण के लिए एक ''अमृत काल'' होगा।

विधानसभा चुनावों के बीच, बढ़ते वित्तीय घाटे और लोकलुभावन उपायों के दबावों की परवाह ना करते हुए वित्त मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यय और निवेश में गति लाने वाली एक समग्र आर्थिक रणनीति अपनाई है।

बजट अनुमानों में 6.8 प्रतिशत का संशोधित वित्तीय घाटा जी.डी.पी. का 6.9 प्रतिशत अनुमानित है। वर्ष 2022-23 में वित्तीय घाटा जी.डी.पी. का 6.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो कि वित्तीय समेकन के वृहद परिप्रेक्ष्य के अनुरूप है।

एयरपोर्ट्स, रेल्वेज़, माल ट्रांज़िट, इन्टर मोडल ट्रांसपोर्ट हब्स सहित ऐसे सात इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र हैं, जिन पर गहन

- पर, वित्त मंत्री ने सस्ती लोकप्रियता का रास्ता (पॉप्युलिस्ट रूट) का चयन न कर, इन्फ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े प्रोजैक्ट में पूंजी लगाने का विकल्प अपनाया।
- वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भी कहा, यह आशा है कि, इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारी सरकारी ''इन्वैस्टमैंट'' से 60 लाख नौकरियां उपलब्ध होंगी तथा 30 लाख करोड़ का इकोनॉमिक उत्पादन व आऊटपुट जनरेट करेगा।
- यह सच है कि, इस बजट को भूरि-भूरि प्रशंसा मिलने वाली नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिज्ञों ने तो इसे अब तक का सबसे ज्यादा पूंजीवादी बजट भी कहा है।
- वित्त मंत्री ने बड़े पूंजी निवेश पर ध्यान साधते हुए, टैक्स व एक्साइज़ ड्यूटी आदि से कोई छेड़छाड़ नहीं की, उन्हें अछूता ही छोड़ दिया है।

जोर दिया गया है।

एक तरह से यह नैशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यक्रमों के लिए एक बड़ी बजट स्टोरी है। सीतारमण अर्थव्यवस्था को हौंसला और संसाधन प्रदान करने की कोशिश कर रही हैं, ताकि वह कथित ''गति शक्ति'' कार्यक्रम के अनुरूप दौड़ सके। उन्हें उम्मीद है कि यह बड़े निवेश अर्थव्यवस्था को पर्याप्त गतिशीलता प्रदान करेंगे और रोजगार व आय को कई गुना सृजित करेंगे।

उनका मानना है कि, इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में बड़े पैमाने के निवेश से आर्थिक वृद्धि और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परिणामस्वरूप, यह ऐसा बजट नहीं है प्रशंसा की वर्षा जाए।

वित्त मंत्री यह दावा कर रही हैं कि, 14 सैक्टर्स के लिए लायी गई पी.एल.आई. स्कीम्स ही 60 लाख नौकरियां सृजित करेंगी, 30 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ देंगी।

गरीब और मध्यम वर्ग की अनदेखी को लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने बजट की आलोचना की है। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने इसे ''सर्वाधिक पूंजीवादी'' मानते हुए इसकी आलोचना की है। तृणमूल कांग्रेस इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती थी कि, यह बजट गरीब-विरोधी है।

कहा जा सकता है कि वैश्विक महामारी के बाद का यह एक ऐसा बजट है जिसने महामारी के सर्वाधिक पीड़ितों की क्रय शक्ति पर ध्यान नहीं दिया है। इस प्रक्रिया में उन्होंने एक ऐसा बजट दिया है, जो राजनीतिक रूप से त्रुटिपूर्ण है। बजट निर्माण में वित्त मंत्री के पास ये विकल्प थे कि वे या तो भावुकता जारी रखते हुए आर्थिक सौगात देकर लोकलुभावन मार्ग का अनुसरण करतीं या कोई मूलभूत दिशा निर्देश देकर कोई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वित्त मंत्री सीतारमण ने रेल बजट में भी भारी ''इन्फ्रास्ट्रक्चर'' खर्च का विकल्प लिया

### रेल उपकरण, जैसे वैगन आदि के निर्माता, लाइन बिछाने वाली बड़ी कम्पनियां, जैसे एल्स्टॉम व हिटाची आदि बहुत प्रसन्न हैं

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। भारतीय रेल एल्यूमिनियम बॉडी वाली 400 वन्दे भारत रेल गाड़ियों (160 किमी सैमी हाई स्पीड) का निर्माण करेगी, जबकि अगले तीन वर्षों में 100 ग्रीनफील्ड मल्टीमोडल कार्गो टर्मिनलों का भी निर्माण होगा।

आज संसद में अपने बजट भाषण को पढ़कर प्रस्तुत करते हुये, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह घोषणा भी की कि, 2022-23 के दौरान ट्रेन कोलिज़न अवॉयडैंस सिस्टम (टी-सी.ए.एस.) के अन्तर्गत, 2000 किमी ट्रैक का काम पूरा कर लिया जायेगा। बजट प्रस्तावों में, देश में मास रैपिड ट्रान्ज़िट सिस्टम तथा मैट्रो प्रोजेक्ट विकसित करने के लिये 23875 करोड़ रु. खर्च करने का प्रावधान किया गया है।

- पर, रेल के फाइनैंस समझने वाले विशेषज्ञ की यह भी राय है कि यह भारी इन्वैस्टमैंट भारतीय रेल, बैंकों, फाइनैन्शियल कम्पनियों व सरकार से ऋण लेकर कर रही है तथा अभी ऋण अदायगी व ब्याज के भुगतान पर ''मोरेटोरियम'' लगा है, पर जब मोरेटोरियम का समय समाप्त होगा तो एक साथ भारतीय रेल पर भारी आर्थिक बोझ आयेगा और क्या भारतीय रेल इस संकट को भूल पायेगा।

रेल गाड़ियों तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिये 2.25 करोड़ रु. के पूंजीगत व्यय तथा इण्डियन रेलवे की और अधिक प्रतिबद्धता के चलते इस उद्योग के सर्वोच्च अधिकारी काफी उत्साहित एवं प्रसन्न हैं।

एल्स्टॉम इंडिया के प्रबंध निदेशक एलेन स्पोर ने कहा, ''यह एक प्रगतिशील एवं ग्रोथ केन्द्रित बजट है, जो अथव्यवस्था पर बहुत अधिक सकारात्मक असर डालने वाला तथा प्रोजेक्टों के तेज क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध होगा। मैट्रो डिज़ाइन सिस्टम को स्तरीय बनाने के लक्ष्य से बनाई जाने वाली नीतियाँ, निर्माताओं को अत्यावश्यक स्थिरता प्रदान करेंगी।

नॉर ब्रैमसी (इंडिया) के प्रबन्ध निदेशक दीपांकर घोष ने कहा है, ''रेल -क्षेत्र के लिये की गईं ये पहल कायापलट करने वाली हैं क्योंकि ये ग्रोथ के भविष्य का खाका प्रस्तुत कर रही हैं।'' टैल्गो इंडिया के प्रबन्ध निदेशक सुब्रत नाथ ने कहा, ''रेल गाड़ियों तथा यात्रियों के लिहाज से, बजट-प्रस्ताव सकारात्मक हैं।'' हिटाची इंडिया के निदेशक मंगल देव ने कहा, ''रेल -क्षेत्र के लिये वित्त मंत्री द्वारा की गई घोषणाएं स्थाई इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में मदद करेंगी। प्राइवेट तथा सरकारी क्षेत्रों को इन प्रोजेक्टों में, जोखिम तथा लाभ में आनुपातिक रुप से भागीदारी एवं साझेदारी करने की जरुरत है।''

सीतारमण ने पूर्व घोषित बड़े प्रोजेक्टों, जैसे- इण्डियन रेलवे (आई.आर.) की पुनर्निमाण योनजाओं, रेलवे उत्पादन इकाइयों को कॉर्पोरेशनों का रुप

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ''क्रिप्टो करैन्सी''

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पी. चिदंबरम ने मंगलवार को जोर देते हुए कहा कि, वित्त मंत्री ने आज से क्रिप्टो करैन्सी को एक तरह से वैध करने की घोषणा कर दी है।

उन्होंने कहा कि, वित्त मंत्री ने देश के काफी अमीर लोगों के इशारे पर ''डिजिटल असैट'' शब्द का आविष्कार किया है। यह भली-भांति जानते हुए कि, यह शब्द क्रिप्टो करैन्सी के अतिरिक्त कुछ नहीं है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि, वित्त मंत्री की घोषणानुसार रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आर.बी.आई.) इसे जारी करेगा और डिजिटल असैट्स के ट्रांसफर पर एक विशेष दर पर टैक्स

- चिदंबरम के अनुसार एक प्रकार से वित्त मंत्री सीतारमण ने क्रिप्टो करैन्सी को ''लीगल'' करार दे दिया है। पर भारत की 99.9 प्रतिशत जनता ''डिजिटल एसैट'' का मतलब तक नहीं समझती।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आरोप लग रहा है तो जांच होनी चाहिए, जांच सी.बी.आई. करे या कोई दूसरी एजेंसी'

### रीट मामले में राजीव गांधी स्टडी सर्कल पर लगे आरोपों पर बोले सचिन पायलट

जयपुर, 1 फरवरी (का.प्र.)। रीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर राजीव गांधी स्टडी सर्किल पर लग रहे आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल पर राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि, अगर कोई ऐसा आरोप लग रहा है तो उसकी भी जांच होनी चाहिए। चाहे यह जांच सीबीआई करे या कोई दूसरी एजेंसी, लेकिन समयबद्ध तरीके से पूरी हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

दरअसल रीट परीक्षा मामले में गिरफ्तार प्रदीप पाराशर जो कि स्टेट कोऑर्डिनेटर था वह राजीव गांधी स्टडी सर्किल से जुड़ा है। वही माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बर्खास्त अध्यक्ष डीपी जारोली भी राजीव गांधी स्टडी सर्किल से जुड़े हुए हैं।

इसके राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर राज्य के मंत्री सुभाष गर्ग हैं और चेयरपर्सन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं। ऐसे में सचिन पायलट का यह बयान कि यदि राजीव गांधी स्टडी सर्किल को लेकर आरोप लग रहे हैं और इनकी जांच पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। राजस्थान की राजनीति में महत्वपूर्ण बयान बन सकता है।

- ''इस मामले में जो भी दोषी पाया जाए, चाहे वह कितने भी बड़े पद पर क्यों ना हो, कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो, उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए।''

इस मामले में मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि, रीट भर्ती मामले में पद बढ़ाने के लिए मैंने खुद मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। यह बेरोजगार और युवाओं से जुड़ा हुआ गंभीर मुद्दा है, क्योंकि रीट परीक्षा मध्यम और ग्रामीण परिवेश के लोग देते हैं। 26 लाख युवाओं के साथ ही इस परीक्षा से जुड़े करीब सवा करोड़ परिवार भी प्रभावित हो रहे हैं। इसी के साथ पायलट ने कहा कि गड़बड़ी सामने आई तो सरकार ने बर्खास्तगी जैसे कड़े कदम उठाते हुए जांच का आदेश भी दिया है और जांच के लिए कमेटी भी बनाई है। भविष्य में ऐसी घटना ना हो, इसके लिए सरकार सदन में कानून भी लेकर आएगी। लेकिन इसके साथ ही पायलट ने यह भी कहा कि, यह मुद्दा देश और प्रदेश की धरोहर नौजवानों के भविष्य से जुड़ा है। इनके साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। पायलट ने कहा कि, सरकार को इस मामले में कड़े कदम उठाने चाहिए और जांच पारदर्शी होने के साथ ही समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए।

पायलट ने कहा कि, इस मामले में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ''मोबाइल व बजट''

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। मंगलवार को वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण ने अपने स्मार्टफोन से 90 मिनट का बजट भाषण पढ़कर देश का पहला ''पेपरलैस बजट'' प्रस्तुत किया। इस दौरान, स्क्रीन पर टैक्स्ट को पलटने के लिए उन्हें अनेकों बार रुकना पड़ा।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि भाषण के बीच उनके फोन की बैटरी खत्म ना हो जाए, उन्होंने फोन को चार्जर से कनैक्ट किया हुआ था। वित्त मंत्री के रुप में यह उनका चौथा बजट था।

- वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान अपने मोबाइल फोन की खुलकर मदद ली।

तथापि, बजट भाषण के बाद, फाइनैंस बिल पेश करने के लिए उन्हें स्मार्टफोन छोड़कर पेपर से पढ़ना पड़ा, जिसमें उन्होंने टैक्स व शुल्क में बदलावों का विस्तृत विवरण दिया। मीडियम टर्म फिस्क्ल पॉलिसी पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# निर्मला सीतारमण इकॉनमी को भारत की परम्परागत ''टैन्जिबल करैन्सी'' की दुनिया से उड़ाकर इक्कीसवीं सदी की ''डिजिटल करैन्सी'' के माहौल में ले गयीं

### ''डिजिटल करैन्सी'' की दुनिया में, जहां विश्व के आधुनिकता देशों, जिनमें अमेरिका भी शामिल है, ने कदम नहीं रखा है, का भारत में आगमन साहसपूर्ण कदम है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। निर्मला सीतारमण ने अपने चौथे बजट में, डिजिटल परिसम्पत्तियों की ट्रेडिंग से होने वाले लाभों पर टैक्स लगाने के अपने प्रस्ताव के जरिये, सीधे तौर पर एक उग्र बहस की शुरूआत कर दी है।

इस प्रस्ताव के साथ ही, वित्त मंत्री ने यह घोषणा भी कर दी कि रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया अपनी स्वयं की ''सैन्ट्रल बैंक डिजिटल करैन्सी'' (सी.बी.डी.सी.) जारी करने पर विचार करेगा।

इन प्रस्तावों और घोषणाओं से, सीतारमण केन्द्रीय बजट को डिजिटल करैन्सी की 21वीं सदी की दुनिया में ले आई हैं।

- हालांकि, इस डिजिटल करैन्सी व्यवस्था के बारे में कई सवाल भी अनुत्तरित हैं।
- चीन, जो इस क्षेत्र में सबसे आगे है, विन्टर ओलम्पिक्स के दौरान चीन की डिजिटल करैन्सी को ओलम्पिक की ऑफिशियल करैन्सी बनाने की पूरी तैयारी में था।
- पर, ओमक्रॉन वायरस व पश्चिमी देशों द्वारा मानव अधिकारों की अवहेलना, विशेषकर वीगर प्रांत की विकट स्थिति के कारण, विन्टर ओलम्पिक में अपनी डिजिटल करैन्सी को गेम्स की ऑफिशियल करैन्सी करने के इरादे से चीन को पीछे हटना पड़ा।
- पर डिजिटल करैन्सी का प्रसार बढ़ रहा है, विशेषकर महंगे आर्ट की खरीद-फरोख्त में।

इससे भारत डिजिटल करैन्सी के के साम्राज्य की अगली पंक्ति में आ गया है, जहां आने का अभी तक केवल कुछ देशों ने ही साहस दिखाया है। इस क्षेत्र का सबसे अग्रणी देश चीन है, जिसने पिछले वर्ष प्रयोग के तौर पर चीनी मुद्रा के रुप में डिजिटल करैन्सी जारी की थी। इन लोगों को चीनी सेन्ट्रल बैंक की अधिकृत डिजिटल करैन्सी का एक डिजिटल वॉलेट दिया गया था, तथा उनसे यह अपेक्षा की गई थी कि वे पैसे के दैनिक लेन-देनों में इसका उपयोग करेंगे।

चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी तथा सरकार का विचार था कि वे इस सरकारी चीनी डिजिटल करैन्सी को विधिवत रुप से बीजिंग विन्टर ओलिम्पिक्स के उद्घाटन के समय शुरु करेंगे। चीनियों को उम्मीद थी कि कोई औपचारिक चीनी सी बी डी सी, चीनी युआन को ग्लोबल रिजर्व करैन्सी बना देगी, तथा यह कार्य चीन में अमेरिका से भी पहले हो जायेगा क्योंकि अमेरिका अभी ऐसा कुछ भी करने से बहुत दूर है।

लेकिन, चीन द्वारा वीगर प्रांत में किये गये मानवाधिकारों के हनन को लेकर हुई कूटनीतिक कहा सुनी तथा पश्चिमी देशों द्वारा किये गये ओलम्पिक्स के बहिष्कार के कारण, विन्टर ओलम्पिक्स के उद्घाटन के समय इस करैन्सी की लॉन्चिंग स्थगित कर देनी पड़ी थी।

चीनी इस विचार का मूल्यांकन कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तेजपाल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को तहलका सम्पादक तरुण तेजपाल को आश्वस्त किया कि, बम्बई उच्च न्यायालय की गोवा बैंच के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई अपील को सुनवाई के लिये शीघ्र ही सूचीबद्ध किया जायेगा, जिस फैसले में 2013 के यौन-उत्पीड़न केस में ''इन -कैमरा'' सुनवाई के लिये इनकार कर दिया गया था।

- दो जजों द्वारा तेजपाल के मामले में सुनवायी करने से माफी मांगने पर, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने तरूण तेजपाल को विश्वास दिलाया कि उनकी सुनवायी शीघ्र करायेंगे, विलम्ब नहीं आने देंगे।

यह आश्वासन मुख्य न्यायाधीश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एक बात जो मैं दिन की तरह स्पष्ट देखता हूँ यह है कि दुःख का कारण अज्ञान है और कुछ नहीं। –स्वामी विवेकानंद

# विश्वविद्यालयों में पेंशन का उलझा हुआ मुद्दा

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार का क्या वैधानिक दायित्व है और सरकार क्या अपना यह दायित्व पूरी तरह निभा पा रही है, यह सवाल आज उठ खड़ा हुआ है क्योंकि सरकार एक तरफ नये–नये विश्वविद्यालय तो स्थापित करती जाती है मगर दूसरी तरफ पहले से चल रहे विश्वविद्यालयों की सुध लेने की उसे फुरसत नहीं है। वहां सेवानिवृत्तियों से खाली हो रहे प्रोफेसरों के पद कैरियर एडवांसमेंट पदोन्नति से भरे जा रहे हैं और नई नियुक्तियों से परहेज़ किया जा रहा है। सरकार को कोई यह समझाने वाला नहीं है कि विश्वविद्यालयों में नया रक्त नहीं आएगा तो उच्च शिक्षा कैसे अपनी अहमियत बनाये रख सकेगी। शासन में बैठे लोग नये विश्व विद्यालय खोल कर राजनैतिक वाह–वाही तो लूटना चाहते हैं किन्तु उच्च शिक्षा में निवेश के लिए वे सरकार की अंटी ढीली नहीं करना चाहते। हालत तो यहां तक है कि सेवानिवृत्त हो रहे विश्वविद्यालय कर्मियों को पेंशन देने के भी उच्च शिक्षा के इन संस्थानों में लाले पड़ रहे हैं। सेवानिवृत्त विश्वविद्यालय कर्मियों का गुबार पिछले दिनों जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के ऑन लाइन हो रहे दीक्षांत समारोह में फूटते हुए सबने देखा है। मुख्यमंत्री ने अपने लिए सलाहकारों की नियुक्तियां करके जो फौज खड़ी की है उसमें से भी कोई यह सलाह देने वाला नहीं दीखता कि विश्वविद्यालय ऐसे उद्यम नहीं होते हैं जिसमें किये जाने वाले निवेश का प्रतिफल रुपये पैसों में तोला जा सके। वह समय गया जब कोई कुलपति मुख्यमंत्री से मुंह पर कह सकता था कि यदि विश्वविद्यालय के लिए पैसे नहीं हैं तो वे खोले ही क्यों गए हैं। यह भी सच है कि विकास के अन्य क्षेत्र अब भी पिछड़े हैं और बड़ा निवेश मांगते हैं। किन्तु शासन की काबिलियत का पता तो इसी से चलता है कि वह उच्च शिक्षा और अन्य विकास के कामों के निवेश में कैसे संतुलन बनाए रखे। इसमें प्रारम्भिक शिक्षा के लिए तो और भी अधिक निवेश और ध्यान की अपेक्षा स्वाभाविक ही की जाती है। मगर इस समय जो मुद्दा तुरंत हल चाहता है वह है विश्वविद्यालयों, खास कर कृषि विश्वविद्यालयों, के सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन का जिसे लगातार लटकाया जाता रहा है। यह एक ऐसा मानवीय मुद्दा है जो जीवन के संध्याकाल में पहुंच चुके सैकड़ों लोगों के जीवन यापन से जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों की पेंशन प्रतिमाह एक निश्चित तारीख तक उनके बैंक खातों में अपने आप पहुंच जाती है वहीं प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्तकर्मी इस सौभाग्य से वंचित हैं। उन्हें पेंशन कब मिलेगी इसका कोई ठिकाना नहीं है। कहीं कहीं तो दो–दो तीन–तीन महिनें हो जाते हैं जब उन्हें पेंशन का पैसा मिल पाता है। कई जगह अदालतों से आदेश लाने पड़ते हैं।

समस्या यह है कि विश्विद्यालयों के पास अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन देने का कोई बजट नहीं होता। प्रत्येक विश्व विद्यालय को अपने यहां अलग से पेंशन कोष की व्यवस्था करनी होती है। विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मी इस बात को एक विडंबना बताते हैं कि एक तरफ इन विश्वविद्यालयों के पास अपने सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन के भुगतान के लिए पैसा नहीं है दूसरी तरफ सरकार प्रत्येक से तीन तीन करोड़ रुपये कोविड महामारी के नाम से ले लेती है। राज्य सरकार यह दलील देती रही है कि उसका विश्वविद्यालयों के पेंशन फंड से कोई लेना–देना नहीं हैक्योंकि प्रत्येक विश्वविद्यालय तकनीकी रूप से स्वायत्त है। बीकानेर के कृषि विश्वविद्यालय जिसमें सबसे अधिक साढ़े बारह सौ के करीब सेवानिवृत्त कर्मी हैं अदालतों में गुहार लगा कर कुछ न कुछ राहत पाते रहे हैं मगर बाद में ढाक के तीन पात वाली बात हो जाती है। हालांकि राजस्थान उच्च न्यायालय कह चुका है कि राज्य को विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के नाम पर अपनी आंखें मूंदने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि विश्वविद्यालयों के पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, तो राज्य सरकार उनके कर्मियों को पेंशन का भुगतान करने के लिए बाध्य है। हालांकि राज्य सरकार यह दावा करती रही है कि विश्वविद्यालयों की पेंशन योजना में शर्त थी कि विश्वविद्यालय अपने संसाधनों से इस योजना का वित्तपोषण करेंगे। मगर सच यह है कि राज्य सरकार ने 16 अप्रेल 1991 को जो पत्र विश्व विद्यालयों को लिखा उसमें सरकार द्वारा सूचित पेंशन योजना में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। दूसरे, किसी भे विश्वविद्यालय की सिंडिकेट ने ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं किया।


**विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन की जिम्मेवारी सीधे राज्य द्वारा उठाने की कानूनी व्यवस्था कर दी जाए। या फिर बजट में अलग से प्रावधान किया जाकर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या के सामने विश्वविद्यालय के कर्मियों की संख्या नगण्य है। परन्तु क्यों मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाला जाए।**

राज्य सरकार ने अपनी तरफ से 16 अप्रेल 1991 को विश्वविद्यालयों को लिखा था कि उसने विश्वविद्यालयों में पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसी पत्र में उसने विश्वविद्यालयों से कहा था कि वे एक अप्रेल 1990 से सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार अपने यहां पेंशन योजना लागू करे। ऐसे में यह स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने की जिम्मेवारी सरकार की बनती है। सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में यह निर्धारित किया गया था कि तत्कालीन कार्यरत शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को पेंशन योजना या पहले से लागू अंशदायी भविष्य निधि में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया। सरकार ने यह भी तय किया कि एक जनवरी 1990 के बाद विश्वविद्यालयों में नियुक्त कर्मियों पर पेंशन योजना ही लागू होगी। इस प्रकार नयों के लिए अंशदायी भविष्य निधि समाप्त कर दी गई। जब अंशदायी भविष्य निधि प्रचलन में थी, तब विश्वविद्यालय को मिलने वाले ब्लॉक अनुदान में भविष्य निधि में नियोक्ता के योगदान की भरपाई सरकार करती थी। इस प्रकार अंशदायी भविष्य निधि का दायित्व सरकार वहन करती थी। इसी आधार पर अंशदायी भविष्य निधि के बदले शुरू की गई पेंशन की आवश्यकताओं को पूरा करना भी सरकार का ही दायित्व बना। राज्य सरकार के उस पत्र में जिसके जरिए विश्वविद्यालयों को पेंशन योजना लागू करने का निर्देश दिया गया उसमें यह उल्लेख कहीं नहीं था कि पेंशन योजना या उसके किसी भाग की पूर्ति की जिम्मेदारी संबंधित विश्वविद्यालय की होगी।वर्ष 1993 में जब राजस्थान उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर हुई कि जोधपुर विश्वविद्यालय में पेंशन योजना 1986 से लागू की जाए तो राज्य सरकार की तरफ से यह जवाब दिया गया था कि स्वायत्तशाषी संस्था के वित्त को नियंत्रित करने के लिए राज्य पूरी तरह अधिकृत है। सरकार ने अदालत से यह कह कर कि पेंशन योजना कब से लागू की जाय उसकी कट ऑफ तिथि का औचित्य पूर्णतः आर्थिक है और स्वीकार किया कि यह उसकी जिम्मेदारी है। वास्तव में सरकारी नीतियों ने पेंशन फंड के वर्तमान बुरे हालात बनाए हैं। राजनीति में अपने करीबियों तथा अकुशल कुलपतियों की नियुक्तियों के कारण विश्वविद्यालयों में कुप्रबंधन का लंबा दौर चला है जो आज भी जारी है जिसका खामियाजा सेवानिवृत्त कर्मी भुगत रहे हैं। विश्वविद्यालयों के दो महत्वपूर्ण अधिकारी रजिस्ट्रार और वित्तीय सलाहकार या लेखा अधिकारी होते हैं। वे राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। सभी विश्वविद्यालय कुलाधिपति के नियंत्रण में होते हैं। विश्वविद्यालयों में यदि वित्तीय कुप्रबंधन हुआ है तो इन सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी कभी तय नहीं की गई।

सरकार विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता की कितनी परवाह करती है इसका उदाहरण है कि राजस्थान विश्वविद्यालय पीएफ योगदान के लिए मार्च 1991 में एक संशोधन पारित किया, जिसकी गणना वेतन और डीए को जोड़ कर की जानी थी। किन्तु विश्वविद्यालय और सरकार के बीच लंबे पत्राचार तथा शिक्षक संघ के विभिन्न अभ्यावेदनों के बावजूद सरकार ने संशोधन को अपनी मंजूरी नहीं दी। यह दर्शाता है कि सरकार अपना पल्ला झाडे ही रखना चाहती है। पेंशन को कर्मचारी तथा उसके परिवार के जीवन यापन का कल्याणकारी उपाय माना जाता है। राजस्थान उच्च न्यायालय भी इस मामले में कह चुका है कि राज्य सरकार पूरे मामले पर सही परिप्रेक्ष्य में विचार करे। परंतु जब सरकारें राजनीति के प्रपंच में फंसी रहे तब ऐसे मुद्दों पर गंभीरता और संवेदनशीलता से विचार होना संभव नहीं होता। लेकिन इस प्रकार के मुद्दे टाले नहीं जा सकते। राज्य विधान सभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है। यह वह संवैधानिक मंच है जहां ऐसे मुद्दों पर चर्चाएं होनी चाहिए और किसी नतीजे पर सर्वसम्मत तरीके से पहुंचा जाना चाहिए। एक रास्ता यह सुझाया जा रहा है कि विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन की जिम्मेवारी सीधे राज्य द्वारा उठाने की कानूनी व्यवस्था कर दी जाए। या फिर बजट में अलग से प्रावधान किया जाकर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है। ऐसा करने से राजकोष पर कोई बड़ा भार नहीं पड़ने वाला है क्योंकि सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या के सामने विश्वविद्यालय के कर्मियों की संख्या नगण्य है। परंतु सरकार में सोच यह है कि यदि विश्वविद्यालय के कर्मियों के लिए ऐसा किया जाता है तो अन्य स्वायत्तशाषी अर्धसरकारी उपक्रमों में भी यह मांग उठेगी। तो क्यों मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाला जाए। लेकिन लोकतंत्र में निर्वाचित सरकारों से ऐसे व्यवहार की अपेक्षा नहीं की जा सकती। शासन को आगे बढ़ कर समस्या का सामना ही नहीं करना चाहिए बल्कि कोई सर्वमान्य हल खोज कर विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत्त कर्मियों की मानवीय त्रासदी में संवेदनशीलता से मदद करनी चाहिए। इसके लिए उच्च शिक्षा के बारे में राज्य सरकार को अपना सोच स्पष्ट करना होगा। निर्वाचित प्रतिनिधियों को सचिवालय के वातानुकूलित बंद कमरों से बाहर निकल कर खुली सोच के साथ शिक्षा को लाभ के अन्य उपक्रमों से अलग देखना होगा और उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा। तभी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा फिर प्राप्त कर पाएगा।

**अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# अजमेर में उर्स मेला



देवीसिंह नरूका

- **सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स (पुण्य तिथि) इस्लामिक कलेण्डर के रजब माह की 1 से 6 तारीख तक मनाया जाता है**

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स (पुण्य तिथि) इस्लामिक कलेण्डर के रजब माह की 1 से 6 तारीख तक मनाया जाता है। दूर–दूर से देश–विदेश के लोग गरीब नवाज की मजार पर अकीदत के फूल पेश करते खिंचे चले आते हैं। उर्स के दौरान लाखों लोगों के अजमेर में एकत्रित होने से मेले का सा माहौल होता है अतः यह उर्स मेला कहलाता है।

ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (1143–1233 ई.) 52 वर्ष की उम्र में अजमेर आये। 91 वर्ष की आयु में उनके शरीर का अंत हुआ। ख्वाजा साहब के इंतकाल के बाद कच्ची ईंटों का साधारण मजार बना दिया गया था। करीब 250 वर्ष तक इसमें कोई खास रद्दोबदल नहीं हुआ। सन् 1455 ई. में मांडू के सुल्तान मोहम्मद खिलजी का अजमेर पर कब्जा हुआ। उस समय पक्का मजार बनवाया गया। सन् 1564 में अजमेर बादशाह अकबर के अधीन आया। इसके पश्चात बादशाह अकबर जहांगीर और शाहजहां के जमाने से अब तक दरगाह क्षेत्र में नये भवनों का निर्माण और रद्दोबदल करवाया जा रहा है।

ख्वाजा साहेब का सालाना उर्स कब से मनाया जाने लगा, इस संबंध में निश्चित रूप से बताना मुश्किल है। ऐसे पहुंचे हुए संत की मजार पर उनके इंतकाल के बाद से ही लोग अकीदत के फूल पेश करते होंगे। बादशाह अकबर के समय से पहले भी दरगाह में वर्तमान समय के रस्म रिवाज किसी न किसी रूप में अवश्य होंगे। इन व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए बादशाह अकबर द्वारा 18 गांव दरगाह की जागीर में दिये गये। कर्मचारी नियुक्त किये और सन् 1569 में शेख मोहम्मद बुखारी को दगाह का मुतवली नियुक्त किया गया। सन् 1570 ई. में बादशाह अकबर द्वारा आगरा से अजमेर तक की पैदल यात्रा से दरगाह की शोहरत खूब फैली। संभवतः बादशाह अकबर के समय से ही उर्स मेला जोर–शोर से भरने लगा।

बादशाह अकबर के उत्तराधिकारी बादशाह जहांगीर 1613 से 1616 ई. तक करीब तीन वर्ष तक अजमेर में रहे। अजमेर प्रवास के दौरान ख्वाजा साहेब के उर्स के बारे में बादशाह ने अपनी जीवनी 'तुजुके जहांगीरी' में लिखा है, "रविवार की रात को ख्वाजा बुजुर्गवार का उर्स था और मैं उनके रोजे मुतबरिक पर गया और वहां आधी रात तक रहा। खादिमों और सूफियों को वज्द हो गया और मैंने अपने हाथ से फकीरों और खादिमों को दौलत बख्शी। कुल खर्च 600 रुपये नकद, 100 कुरते और मोतियों, अम्बर व मूंगों की 70 मालाओं का हुआ।"

बादशाह शाहजहां की बेटी बेगम जहांआरा ने अपनी पुस्तक 'मोनेसुल अरवाह' में अजमेर यात्रा के बारे में लिखा है, "दिल्ली से यहां (अजमेर) आनासागर होते हुए अजमेर शरीफ तक पहुंची। तब हर दो मंजिल पर दो रकात नमाज अदा की.... बड़ी अकीदत के साथ मजारे अकदश पर पहुंची और जब तक यहां रही और रातें यहां गुजारी, तब तक पैर और कमर मजारे अकदश शरीफ की ओर नहीं किये।"

यातायात के वर्तमान साधन न होने के कारण उर्स मेले में भी लोग ऊंट, बैलगाड़ी व घोड़ों आदि से आया करते थे। जनाब अब्दुल कादिर साबिज जंग (1782–1825 ई.) ने अपने संस्मरण में लिखा है कि, 'पुष्कर मेले से भी अधिक पशु अजमेर के उर्स मेले में देखे जा सकते हैं। इसी प्रकार से संचार के साधन न होने के कारण उर्स मेले की सूचना देने के लिए लोग देश के विभिन्न स्थानों से हाथों में छोटी–बड़ी झंडिया लेकर अजमेर शरीफ की ओर रवाना हो जाते थे। रास्ते में लोगों को सूचित करते, जिससे कुछ लोग उनके साथ और कुछ आगे–पीछे अजमेर के लिए प्रस्थान करते। उर्स मेले के प्रारंभ से एक सप्ताह पहले दरगाह के 75 फीट ऊंचे बुलन्द दरवाजे पर भीलवाड़ा के गौरी परिवार द्वारा लाया गया बड़ा हरा झंडा चढ़ाने की परम्परा है।

उर्स मेले के दौरान दरगाह में कव्वाली की महफिल का समय भी रात्रि 11 से प्रातः चार बजे तक रखा गया। महफिल–ए–समा अथवा कव्वाली के लिए यही आदर्श समय है। सन् 1891 में जनाब वशीरूदौला सर असमान जाह द्वारा महफिलखाने के निर्माण के पहले उर्स के दौरान शामियाना लगाकर कव्वाली की महफिल होती थी। कव्वाली के प्रारंभिक काल में केवल डफ व तालियों के साथ ही कव्वाली गाई जाती थी। बाद में हारमोनियम आदि का भी उपयोग किया जाने लगा। उर्स मेले में अब की तुलना में पहले बहुत कम लोग आते थे। बताया गया है कि सन् 1947–48 में देश के विभाजन के दंगों के समय तो उर्स मेले में केवल इतने लोग थे कि जुम्मे की नजाम दरगाह क्षेत्र में ही अदा कर दी गई। वर्तमान समय में दरगाह को जाने वाली सभी सड़कों पर दूर–दूर तक सड़कों पर बैठकर लोग नमाज अदा करते हैं।

**लंगरः–** बादशाह अकबर के समय से ही दरगाह में प्रातः व सांयकाल मीठा व नमकीन दलिया तैयार कर बांटा जाता है। इसी प्रकार से खासतौर से उर्स के मौके पर बादशाह अकबर व जहांगीर द्वारा भेंट की गई देगों में चावल, घी, मेवा, मिष्ठान पका कर वितरण की व्यवस्था है। बताया गया है कि पहले मुगल बादशाहों के द्वारा शिकार किये गये जानवरों का मांस पका कर वितरित किया जाता था। बाद में इन देगों के लूटने की परम्परा चल पड़ी। कुछ वर्षों से अब पुनः देगों में पकाये गये तवर्रुक के वितरण की व्यवस्था की गई है। अजमेर मेरवाड़ा के गजेटियर के अनुसार सन् 1901–1902 में लंगर खाने में प्रातः व सांयकाल करीब नौ सौ लोगों को भोजन वितरित किया जाता था। इसका सालाना खर्च 5000 रुपये था। इस्लामी कलेण्डर के शव्वाल माह की 5 तारीख को ख्वाजा साहेब के गुरू ख्वाजा उस्मान हारूनी, 14 रबी प्रथम को ख्वाजा साहेब के शिष्य ख्वाजा कुतुबुद्दीन, 19 रजब को ख्वाजा साहेब की पुत्री बीबी हाफिज जमाल और 19 रजब को अजमेर के तारागढ़ के किले में सैय्यद मीर हुसैन खंगसवार अथवा मीा साहब का उर्स मनाया जाता है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि अन्य धर्मों में प्रायः जन्मोत्सव मनाने की परम्परा है जैसे– रामनवमी, जन्माष्टमी, बुद्ध जयन्ती, महावीर जयन्ती आदि, किन्तु सूफी मत में उर्स अथवा पुण्य तिथि को अधिक महत्व दिया गया है।

**–देवीसिंह नरूका,**
**वरिष्ठ लेखक व पत्रकार**

# असुविधाओं से जूझता बृजपुरा का उच्च प्राथमिक विद्यालय

## बरसों गुजर जाने के बावजूद नहीं सुधर पाए हालात



बृजपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बालक–बालिकाएं खुले में पढ़ने को मजबूर हैं।

- **कक्षा एक से आठवीं तक के बालकों के अध्ययन के लिए मात्र दो कमरे बचे हैं**
- **विद्यालय परिसर के चार दीवारी नहीं होने से आवारा पशुओं का जमावड़ा लग जाता है**
- **70 बालक-बालिकाओं के नामांकन के बावजूद यहां लघु शंकालय एवं शौचालय तक उपलब्ध नहीं है**

**चाकसू,** (निसं)। सरकार एवं शिक्षा विभाग विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए जगहों की तलाश कर रहा है। लेकिन जहां जगह उपलब्ध है वहां भी विभाग भवन निर्माण कार्य कराने में सक्षम नहीं हो रहा है। कई विद्यालय अपग्रेड हुए कई भवनों का निर्माण हुआ। बावजूद इसके अभी इसकी गुणवत्ता में अधिक सुधार नहीं दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि कहीं विषयगत शिक्षकों की कमी है तो कहीं संसाधनों का घोर अभाव है। इसी के तहत चाकसू उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोथून के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बृजपुरा के हालात भी इसी सूची मैं है जहां कक्षा कक्ष के अभाव में छात्र–छात्राओं को खुले में बैठकर पढ़ाई करवाई जा रही है। बरसों गुजर जाने के बावजूद हालात नहीं सुधर पाए हैं।

विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक के बालकों के अध्ययन के लिए मात्र दो कमरे बचे हैं। 70 बालक–बालिकाओं के नामांकन के बावजूद यहां लघु शंकालय एवं शौचालय तक उपलब्ध नहीं है। पीने की पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। साथ ही विद्यालय परिसर के चार दीवारी नहीं होने से आवारा पशुओं का जमावड़ा लग जाता है। जयपुर से मात्र 50 किलोमीटर दूर स्थित राजकीय विद्यालय की यह दशा कितनी दयनीय है देखते ही पता चल जाता है। ग्रामवासियों ने साहस बटोर कर चाकसू प्रधान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर एवं माननीय जिला प्रमुख को विद्यालय में अभावों की जानकारी देते हुए विद्यालय की चारदीवारी, चार कक्षा–कक्षों के निर्माण एवं बालक–बालिकाओं के लिए अलग अलग शौचालय निर्माण की मांग की है। मांगपत्र पर प्रधानाचार्य के अलावा वार्ड मेंबर पंच रामनारायण, रामसहाय, रतनलाल सीताराम, रामजीलाल, ओमप्रकाश, अभिषेक, विक्रम, मनोज, गिरिराज व दीपक सहित अन्य ग्रामवासियों के हस्ताक्षर हैं।

# वैक्सीनेशन के लिए नाव पर हुए सवार



जान बचानी है तो जान जोखिम में भी डालेंगे ...। नाव में बैठकर लोगों के टीकाकरण के लिए गंतव्य तक पहुंचती चिकित्सा विभाग एवं सेव द चिल्ड्रन की टीम।

- **15 से 18 आयु वर्ग के वंचित युवाओं एवं बूस्टर डोज के लिए योग्यता रखने वाले व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया**

**बांसवाड़ा,** (निसं)। छोटी सरवन ब्लॉक के दूरस्थ एवं आवागमन साधनों से रहित स्थानों पर वैक्सीनेशन टीम ने पहुंचकर लोगों का टीकाकरण किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा सेव द चिल्ड्रन संगठन की ओर से शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं जिसके तहत विभाग एवं संगठन की टीम नाव के सहारे कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को टीका लगाने के लिए दूरस्थ टापरों में पहुंची।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार ने बताया कि समन्वित प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं और जिला पूर्ण वैक्सीनेशन जिला बनने के करीब पहुंच चुका है। छोटी सरवन के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गणेश मईडा ने बताया कि सेव द चिल्ड्रन के माध्यम से ब्लॉक में शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं एवं नियमित रुप से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समीक्षा के बाद पाया गया कि दूरस्थ ईलाकों में अभी भी कुछ लोग वंचित रह गये हैं इस पर विभाग का दल एवं सेव द चिल्ड्रन की टीम ने ऐसे गांवों को चिह्नित करते हुए पहुंच के हर संभव प्रयास किये। डॉ. मईडा एवं उनकी टीम गांव–गांव जाकर वंचित लोगों का टीकाकरण कर रही है। अभियान के माध्यम से 15 से 18 आयु वर्ग के वंचित युवाओं एवं बूस्टर डोज के लिए योग्यता रखने वाले व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। सेव द चिल्ड्रन के दिनेश कुमार ने बताया कि कोटडा, झमलिया, ठीकरिया आदि दुर्गम स्थानों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन शिविर लगाये गये।

इस दौरान लोगों को प्रेरित करते हुए परामर्श भी दिया गया। टीम में स्वास्थ्य विभाग से एडोलेसेंट हेल्थ काउंसलर नीता जोशी, सरोज सोनी, मोली एएनएम, आशा एवं सेव द चिल्ड्रन के उमेश डिंडोर, कैसर अजीम, गोवेर्धन, कैलाश, मनोहर तथा वॉलिंटियर्स शामिल रहे।

## राशिफल बुधवार 2 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2078, धनिष्ठा नक्षत्र सायं 5:38 तक, वारियान योग रात्रि 11:58 तक, बव करण प्रातः 8:16 तक, चन्द्रमा आज कुमभ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–धनु, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज राजयोग प्रातः 8:32 से सायं 5:53 तक है। आज चन्द्र दर्शन, बुध श्रृगोन्नति है। आज से गुप्त नवरात्र आरम्भ होंगे। आज श्री वल्लभ जयन्ती, पंचक है। आज द्वितीय तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत 10:46 से 12:10 तक सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7:14 से शाम 4:23 तक।


**राहूकालः** दोपहर 04:30 से 6 बजे तक।

### मेष



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी।

### कर्क



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत कारणों से भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### सिंह



परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

### कन्या



आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### तुला




परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### वृश्चिक




परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु



मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर



आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### कुंभ



महत्वपूर्ण और अति कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मीन



व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

# 16 डॉक्टर व 40 नर्सिंग स्टाफ के बावजूद चरमराई मालपुरा अस्पताल की व्यवस्थाएं

## विभाग के नियमों के विपरीत दो चिकित्सकों के पास चल रहा अस्पताल का चार्ज

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा में 16 डॉक्टर व 40 नर्सिंग स्टाफ की स्थाई नियुक्ति के बावजूद मालपुरा अस्पताल की चिकित्सा व प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमराई होने का मामला सामने आया है।

इसका मुख्य कारण मालपुरा अस्पताल में वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी के रूप में दो चिकित्सकों के पास चार्ज चल रहा है एवं दोनों ही अधिकारियों द्वारा जारी किये जा रहे अलग-अलग आदेश स्थाई प्रभारी पद को लेकर कार्मिकों व आमजन के समक्ष प्रश्न खड़ा कर दिया है। अस्पताल में चरमराई व्यवस्थाओं को लेकर अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी में सामने आया कि एक वर्ष पूर्व सीएचसी प्रभारी के सेवानिवृत होने के बाद डॉ. विद्या मघनानी को स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी आदेशों में मालपुरा अस्पताल प्रभारी का वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया था। लेकिन मई 2021 में अल्प समय के लिए सीएमएचओ द्वारा एक आदेश जारी कर डॉ. जीतराम मीणा को अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्थाए सौंपी गई थी।



मालपुरा के सरकारी अस्पताल में लैबर रूम व ऑटी के सामने खड़े आवारा जानवर।

टोंक जिले में एक मात्र मालपुरा अस्पताल ऐसा अस्पताल है जहां वित्तीय व प्रशासनिक दो प्रभारी बनाये गये हैं जो कि विभाग के नियमों के विपरीत तो है ही साथ ही स्थाई अधिकारी के अभाव में दोनों ही अधिकारियों द्वारा जारी किये जा रहे आदेशों की पालना नहीं होने से व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। अस्पताल में पदस्थापित सीनियर नर्सिंग स्टाफ अपने राजनैतिक आकाओं की सिफारिशों के सहारे मनचाही ड्यूटी लगवा मौज मना रहे हैं तो अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाएं महज प्रशिक्षु नर्सिंगकर्मियों के सहारे चंद सीनियर कार्मिक संभाल रहे हैं। पड़ताल में सामने आया कि अस्पताल में 16 चिकित्सक कार्यरत हैं जिनमें 4 चिकित्सक अपनी सुविधा के मुताबिक ड्यूटी मालपुरा सीएचसी में व्यवस्थार्थ दर्शा रहे हैं तो मासिक सैलेरी अन्य सेन्टर से उठा रहे हैं।

■ **यहां वित्तीय व प्रशासनिक दो प्रभारी बनाये गये हैं**

साथ ही मालपुरा सीएचसी में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के 34 मेल नर्स तैनात हैं लेकिन इनमें से एक दर्जन से अधिक कार्मिक राजनैतिक दबाव बना सीएचसी के वार्ड सहित ड्रैसिंग जैसी अति आवश्यक सेवाओं के बजाय मौज मस्ती के कार्यों में लगे हुए हैं। अस्पताल में इवनिंग व नाइट ड्यूटी में लम्बे समय से एक कार्मिक नर्सिंगकर्मियों के सहारे व्यवस्थाएं चला रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी में बीते दिनों स्थाई प्रभारी को लेकर सीएमएचओ टोंक को भेजे पत्र के बाद सीएमएचओ ने निदेशालय को पत्र लिखा लेकिन उस पर भी ठोस कार्यवाही नहीं होने का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

# अलवर में पानी के लिये बुजुर्ग महिलाएं टंकी पर चढ़ीं

## अलवर शहर में स्कीम 10 बी में 10 मिनट भी नहीं आ रहा पानी

**अलवर, (निसं)।** शहर में स्कीम 10 बी की बुजुर्ग महिलाएं मंगलवार को पानी की टंकी पर चढ़ गई। घरों में पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण महिलाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जताया। यह चेतावनी भी दी कि बिना पानी मरने की नौबत है। महिलाओं ने बताया कि अब भी समाधान नहीं हुआ तो आगे कलेक्टर के आवास के बाहर आंदोलन करेंगे।

महिला राजकुमारी ने कहा कि पानी 10 से 15 मिनट आता है। खूब शिकायत कर चुके हैं। अब पानी की टंकी पर चढ़े हैं। पानी नहीं मिला तो मरना पड़ेगा। अब दूसरी कॉलोनी से पानी लाते हैं। पानी के टैंकर मंगाने की क्षमता नहीं है। स्कीम 10 बी वार्ड 4 से धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि पिछली गर्मी में ज्ञापन दिया था। कई बार शिकायत कर चुके हैं। अब सर्दी के मौसम में 10 मिनट पानी आता है। आखिरी छोर के घरों में तो बिल्कुल पानी नहीं आता है। सुबह हम खुद नल खुलवाने पहुंचते हैं।

स्कीम 10बी को अमृत योजना में कनेक्शन देने की बात कही थी। लेकिन अब अमृत योजना में कनेक्शन नहीं दिया गया। वार्ड में तीन बोरिंग बताते हैं। लेकिन पानी कहां जाता है। कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि पानी की समस्या से जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। महिलाएं पानी की टंकी पर चढी तो उसके बारे में बता दिया। इसके बावजूद भी उनका कहना है कि जो करना है कर लो। हम कुछ नहीं कर सकते। इस कारण मजबूरी में महिलाएं पानी की टंकी पर चढी हैं।



पानी की किल्लत से परेशान महिलाएं टंकी पर चढ़ गई।

# हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि. में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर राज्यपाल की रोक

**अजमेर, (कासं)।** कुलाधिपति व राज्यपाल कलराज मिश्र ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती पर रोक लगा दी है। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सबीर कुमार ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। यह कदम नियमों, मापदंडों व योग्यता की अनिवार्य शर्तो को लांघकर अपनाई जा रही भर्ती प्रक्रिया पर पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी द्वारा जताई गई आपत्ति और अखबारों में छपी खबरों पर संज्ञान लेते हुए उठाया गया है। देवनानी ने राज्यपाल को 21 जनवरी को लिखे पत्र में विवि. के कुलपति ओम थानवी द्वारा मनमाने तरीके से भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिए जाने का विस्तार से खुलासा किया था। इस पर जयपुर में विभिन्न अखबारों में खबरें भी छपी थीं।

■ **अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी के पत्र और अखबारों में छपी खबरों पर राज्यपाल ने लिया संज्ञान**

देवनानी ने बताया कि नियमानुसार कोई भी पद विज्ञापित करने से पूर्व उस पर लागू होने वाले आरक्षण और रोस्टर के आलोक में परीक्षण करना आवश्यक होता है। उन पर प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाता है। विभिन्न शैक्षणिक पदों पर विज्ञापन से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर रोस्टर कैलेण्डर चस्पा कर उन पर आपत्तियां मांगी गई। अन्य लोगों के साथ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी आरक्षण प्रावधानों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। उनकी आपत्तियों को निस्तारित किए बिना ही विज्ञापन जारी कर दिया। हास्यास्पद बात यह है कि असिस्टेंट प्रोफेसर को असिस्टेंट लाइब्रेरियन के समक्ष दर्शा दिया गया है। इस विश्वविद्यालय में जारी शैक्षणिक पदों के विज्ञापन में यूजीसी की अनिवार्य योग्यता को अपनी सुविधानुसार बदल दिया गया। विज्ञापित पदों के लिए आवश्यक जानकारी 4 दिसंबर, 2021 को वेबसाइट पर दी गई। एक माह से भी कम समय में अंतिम तिथि 2 जनवरी, 2022 निर्धारित कर दी गई, जबकि उस दिन रविवार का अवकाश था। इन सब तथ्यों से स्पष्ट है कि भर्तियों जैसे गंभीर कार्य को कितने मनमाने तरीके से किया गया है। कुलपति का कार्यकाल 8 मार्च को खत्म हो रहा है और पिछले माह दिसम्बर में भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। इससे उनकी जल्दबाजी की मंशा स्पष्ट तौर पर साबित होती है। देवनानी ने कहा कि प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए यूजीसी मापदण्डों में जो आवश्यक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं, उन्हें अपनी सुविधानुसार बदल दिया गया।

# खातेदारी की भूमि पर पीएम आवास क्यों ?

**टोंक, (निसं)।** हाईकोर्ट ने मंगलवार को खातेदारी की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत करने से जुड़े मामले में राज्य के मुख्य सचिव, प्रमुख राजस्व सचिव, प्रमुख पंचायती राज सचिव, टोंक कलेक्टर व जिला परिषद सीईओ सहित उनियारा पंचायत समिति के विकास अधिकारी सहित दो अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर आठ सप्ताह में जवाब तलब करते हुए पूछा है कि किन नियमों के तहत खातेदारी की भूमि पर पीएम आवास योजना की राशि स्वीकृत की।

न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह अंतरिम आदेश उनियारा पंचायत समिति के रूपपुरा पंचायत के कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए दिए है। याचिका में बताया गया है कि उनियारा के रूपपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम फतेहगंज में प्रार्थी की खातेदारी की जमीन है इस पर अवैध तरीके से एक महिला सुशीला को स्थानीय पंचायत प्रशासन ने मिलीभगत कर पीएम आवास योजना में राशि स्वीकृत कर दी तथा उक्त महिला ने वहां निर्माण भी कर लिया जबकि प्रार्थी ने दस्तावेजों के साथ स्थानीय प्रशासन को शिकायत भी की कि यह स्वीकृति गलत है किंतु स्थानीय अधिकारियों ने गलत तथ्यों के साथ जांच कर आला अफसरों को भृमित किया तथा कोई कार्यवाही नही की, इस पर प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जिम्मेदार अफसरों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा स्वीकृत राशि वापस वसूलने तथा निर्मित मकान को तोडने की गुहार करते हुए याचिका दायर की है। अदालत ने सुनवाई के बाद पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

■ **सीएस व टोंक कलेक्टर सहित अन्य को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया**

# नीट यूजी काउंसलिंग प्रथम राउंड का प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट जारी

**कोटा, (निसं)।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2021 में काउंसलिंग के लिए प्रथम राउंड आल इंडिया कोटे का प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट मंगलवार दोपहर को जारी कर दिया। एम्स, जिपमेर एवं सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज तथा ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की काउंसलिंग एक कॉमन पोर्टल (एमसीसी) पर संपन्न हुई।

एमसीसी काउंसलिंग का सेकण्ड राउण्ड 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य होगा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि ऑल इंडिया 15 प्रतिशत कोटे में एमबीबीस कोर्स के लिए जनरल कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 13970, ओबीसी कैटेगिरी में 14930, एससी में 78780, एसटी में 102589 और ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी में 15662 क्लोजिंग रैंक रही।

# हेल्पर को बंधक बना एईएन कार्यालय परिसर में लूटपाट

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड के डीडवाना ग्राम औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक स्थित सहायक अभियंता द्वितीय कार्यालय से अज्ञात लुटेरों द्वारा रात्रि में गाइड हेल्पर को बंधक बनाकर बंदूक की नोक पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया।

लुटेरे मध्यरात्रि पश्चात मुख्य द्वार का ताला तोड़कर सहायक अभियंता कार्यालय द्वितीय में दाखिल हुए, वहां मौजूद गार्ड कम हेल्पर की कनपटी पर बंदूक रखकर उसे बंधक बना लिया। इसके बाद अज्ञात लुटेरों द्वारा सहायक अभियंता कार्यालय द्वितीय परिसर में सुरक्षित रखी हुए चार बिजली के ट्रांसफार्मरों को तोड़कर मौके पर ही उसमें से कीमती धातु के तार निकाल लिए वहीं चार अन्य बिजली के ट्रांसफार्मरों में से भी कीमती धातु आदि चोरी करने के लिए उन ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही वहां से अनुबंध पर लगी एक पिकअप गाड़ी को भी लूट कर फरार हो गए। लुटेरों के जाने के बाद किसी तरह उस बंधन से मुक्त होकर मामले की सूचना तुरंत पुलिस व खुद के अधिकारियों को दी। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद लालसोट थाना अधिकारी अंकेश चौधरी व पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मीणा मय पुलिस जाब्ते की घटनास्थल पर पहुंचे एवं हेल्पर गार्ड से लूटपाट की घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं बारीकी से घटनास्थल का जायजा लिया। वही इस लूटपाट की घटना को लेकर सहायक अभियंता द्वितीय राधेश्याम मीणा द्वारा मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया है। वही पूरे मामले को लेकर थाना अधिकारी अंकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लूटपाट की वारदात को लेकर सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले जा रहे हैं एवं अज्ञात लुटेरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस लूटपाट की घटना का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम विभिन्न जगहों पर अज्ञात लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है।

# डॉ. राठी आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष

**अजमेर, (कासं)।** सदस्य डॉ. जसवंत सिंह राठी को राजस्थान लोक सेवा आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला है। इस अवसर पर डॉ. राठी ने कहा कि आयोग अभ्यर्थियों की आशाओं का केंद्र है। स्थापना से लेकर अभी तक आयोग ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए उतार-चढ़ाव के अनेक पडाव पार किए हैं। समय की मांग के अनुरूप आयोग द्वारा परीक्षा पद्धति, पाठ्यक्रम व कार्यप्रणाली में सुधार किया जाता रहा है। डॉ. राठी ने कहा कि आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन उनकी प्राथमिकता रहेगी। अभ्यर्थियों से सीधा संवाद कायम हो सके इसकी व्यवस्था की जाएगी। जिन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है उनका परिणाम शीघ्र जारी करना, लम्बित वादों के निस्तारण के लिए प्रभावी प्रयास उनके द्वारा किए जाएंगे।

# 35 लाख रू. की कीमत का 12.55 क्विंटल अवैध डोडा-चूरा पकड़ा

**उदयपुर/कानोड़, (निसं)।** कानोड़ थाना पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में कानोड़ के निकट हंसराज जी का खेडा गांव से दो वाहनों में लदा 12.55 क्विंटल डोडा-चूरा पकड़ने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए डोडाचूरा की किमत करीब 35 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार तस्कर डोडा-चूरा लदे वाहनों लॉक करते हुए सुने बाड़े छोड़कर अंधेरा का लाभ लेते हुए भाग निकले थे। इसके बाद पुलिस ने कार के लॉक खोलने के लिए पत्थर से कांच तोड़कर वाहनो को पुलिस थाने ले जाया गया। जानकारी के अनुसार टीम ने बिना नम्बर की पिकअप व स्कार्पियो गाड़ी में भरे हुए 63 कट्टों में डोडा-चूरा लदा था। दोनों ही वाहनों को पुलिस ट्रैक्टर के पीछे बांधकर थाने लाई जहां वाहनों में लदे कट्टों का वजन किया गया तो 12.55 किलो ग्राम पाया गया। यह डोडा-चूरा हंसराज जी का खेड़ा निवासी नारायण जाट के बाड़े से जब्त किया गया। साथ ही अज्ञात तस्करों पुलिस से बचाव के लिए मुठभेड़ होने पर फायरिंग करने में प्रयुक्त अवैध पिस्टल मय जिंदा कारतूस व दो फायरिंग किए हुए कारतूस के खाली केस बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। जांच भीण्डर थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह देवल के जिम्में की गई है।



कानोड़ पुलिस की कार्वाई में जब्त किया गया डोडा-चूरा।

■ **पुलिस ने कानोड़ में की कार्वाई में दो वाहन भी जब्त किये**

# बाड़े में बंधी बकरी का बघेरे ने शिकार किया

**निवाई, (निसं)।** गांव नोहटा में सोमवार की रात बघेरे ने बाडे में बंधी एक बकरी का शिकार कर मार दिया। पूर्व सरपंच तेजवीर सिंह चौधरी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि नोहटा पहाडी के नीचे रैगरों की बस्ती में बघेरे ने राधेश्याम रैगर के बाड़े से बकरियों को बांधने के लिए बना रखे एक सुरक्षित घर से बड़ी चतुराई के साथ नीचे से मिट्टी की खुदाई कर अन्दर घुस गया और बकरी को घसीटकर पास के बाडे में ले जाकर शिकार कर लिया। उन्होंने बताया कि सुबह जब पशु पालक राधेश्याम अपने बाडे में गया तो उसे बकरी गायब मिली तथा मौके पर बघेरे के पगमार्क दिखाई दिए। बघेरे द्वारा बकरी का शिकार करने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की मौके पर भीड एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने बघेरे के पगमार्क देखते हुए बकरी की तलाश की तो पास ही स्थित अनिल जाट के बाडे की ओर बकरी को घसीटकर ले जाने के निशान मिले।

# पागल गीदड़ के काटने से चार जने घायल

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में मंगलवार देर शाम को एक पागल गीदड़ ने एक लड़की, एक युवक, दो महिलाओं को काटकर जख्मी कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमपुरा निवासी कोयली अपनी देवरानी मेवा के साथ खेत में कार्य कर रही थी। खेत में कार्य करते समय पागल गीदड़ ने महिला मेवा के मुंह पर हमला कर दिया। छुड़ाने गई जेठानी कोयली पर भी गीदड़ ने हमला कर दिया। घायल महिलाओं का नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है।

ग्राम पंचायत गढ़ी की महर की ढाणी निवासी पूनम गुर्जर को भी पागल गीदड़ ने मुंह, हाथ, पैर पर काटकर जख्मी कर दिया। वहीं प्रेमपुरा निवासी कृष्ण कुमार ब्राह्मण के बांये पैर को काट लिया। इससे घायलों की हालात गंभीर बनी हुई है। देर शाम समाचार लिखे जाने तक पागल गीदड़ को नही पकड़ा गया। पागल गीदड़ के आतंक से लोग भयभीत है।



नारायणपुर में पागल गीदड़ के काटने पर अस्पताल में उपचार के लिए आई घायल महिला कोयली।

# सिलेंडर के धमाके से मकान टूटा

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड 19 नया बास स्थित एक मकान में गैस सिलेंडर लीकेज होने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें एक महिला भी झुलस गई। शहर के वार्ड उन्नीस के एक घर में तेज धमाके के साथ मकान फट गया और धमाके के साथ दरवाजे टूट गये। धमाके की आवाज इतनी तेज हुयी कि चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक 35 वर्षीय महिला भी झुलस गई, जिसको अस्पताल ले जाया गया। जिससे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी अनुसार वार्ड 19 के परमेश्वर लाल सैनी के घर यह हादसा उस वक्त हुआ, जब 35 वर्षीय बबीता चाय बनाने के लिये रसोई में गई और गैस लाइटर जलाते ही तेज धमाका हुआ। हादसे की वजह गैस सिलेंडर लीक होना बताया जा रहा है। हादसे के बाद एचपी गैस एजेंसी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

# उदयपुर जिले में कोरोना से दो मौत, 495 पॉजिटिव मिले

**उदयपुर, (कासं)।** जिले में मंगलवार को कोरोना से दो और मौतें हुई हैं। बीते चार दिनों में जिले में आठ मौतें हो चुकी हैं। मंगलवार को 495 पॉजिटिव मिले हैं वहीं एक्टिव केस 3079 में से 102 अस्पताल में भर्ती है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि निजी चिकित्सालय में भर्ती 68 वर्षीय वृद्ध व 45 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत हो गई है। जांच रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है।

जिले में प्राप्त 2583 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 2088 नेगेटिव व 495 पॉजिटिव मिले हैं। शहरी क्षेत्र में मिले 226 संक्रमितों में 18 कोरोना वॉरियर्स, 119 नए केस, 87 क्लॉज कान्टेक्ट व 02 माइग्रेंट शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 269 संक्रमितों में 20 कोरोना वॉरियर्स, 105 क्लॉज कान्टेक्ट व 144 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 70552 हो गया है। इनमें से 66704 रिकवर हो चुके है। जिले में एक्टिव केस की संख्या 3079 है इनमें से 2977 होम आइसोलेटेड है। अस्पताल में 102 संक्रमित भर्ती है। 472 संक्रमित रिकवर भी हुए है।

## भीलवाड़ा में 192 पॉजिटिव केस

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले में मंगलवार को संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 200 से कम आया है। पिछले कई दिनों से 200 से ज्यादा कोरोना के केस आए थे। अधिकारियों ने इसे राहत नहीं बताया है। अधिकारियों ने बताया कि एक दिन का आंकड़ा कम होने से संक्रमण कम नहीं हुआ है।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि मंगलवार को 1706 मरीजों के सैंपल की जांच की गई। इसमें से 192 नए मरीजों की पहचान हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण इलाकों में अभी संक्रमण ज्यादा है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में सुवाना में 35, आसींद में 25 मरीज सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि साल ही शुरूआत में भीलवाड़ा शहर में संक्रमण काफी ज्यादा फैला था लेकिन अब शहरी क्षेत्र में संक्रमण काफी कम हो गया है।

## बीकानेर में 131 नये पॉजिटिव निकले

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर में सोमवार को जहां दिनभर में 47 पॉजिटिव रोगी आए थे, वहीं मंगलवार को आंकड़ा 131 तक पहुंच गया है। पीबीएम अस्पताल में अभी भी 33 रोगी भर्ती हैं। मंगलवार की सूची में पीबीएम अस्पताल में भर्ती रोगी भी पॉजिटिव आए हैं। हमेशा की तरह इस बार भी सूची में बड़ी संख्या अस्पताल में भर्ती मरीजों की है।

एक्सपर्ट का मानना है कि अस्पताल में ही संक्रमण फैला हुआ है। ऐसे में यहां भर्ती रोगी इसकी चपेट में आ रहे हैं। अभी भी जिन एरिया में कोविड पॉजिटिव आ रहे हैं, उनमें छीपों का मोहल्ला, जामसर, सुदर्शना नगर, महेश्वरी धर्मशाला, तिलक नगर, सोहन कोठी, शिवबाड़ी, जयनारायण व्यास कॉलोनी, सिविल लाइन, पवनपुरी, वेटरनरी कॉलेज, आरएसी केंपस, मकड़ासर, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज का यूजी हॉस्टल, आर्मी केंट एरिया, करणी नगर, नागणेचजी स्कीम, रिडमलसर, उदासर, लूणकरनसर, रानीबाजार, सार्दुलगंज, जयपुर रोड, स्वर्णजयंती योजना, शेरेरां गांव, नापासर, सुदर्शना नगर, भट्ड़ों का चौक सहित अनेक एरिया में पॉजिटिव मिल रहे हैं।

# शाहपुरा की राजकुमारी मृदुल कुमारी का निधन

## आसपास व दूरदराज के राज परिवारों के सदस्य मौजूद रहे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की शाहपुरा रियासत की राजकुमारी मृदुल कुमारी (शीलू बाईसा) की अंत्येष्ठि मंगलवार को रामद्वारा श्मशान में की गई। सोमवार को उनके पैतृक निवास रेतिया पैलेस में निधन हो गया था। वो पिछले तीन माह से बीमार थी। वो 82 वर्ष की थी। अंत्येष्ठि में आस पास के राजपरिवारों के सदस्यों व शाहपुरा के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर श्रृद्धांजलि दी। मुखाग्नि शाहपुरा राजपरिवार के मुखिया जयसिंह ने दी। उनके साथ भाणेज शत्रुजीत सिंह भी मौजूद रहे।

पूर्व राजाधिराज स्व. सुदर्शन देव की सुपुत्री मृदुल कुमारी का शाहपुरा स्थित रेतिया बाग पैलेस में सोमवार को निधन हो गया था। उनका जन्म 18 अगस्त 1941 को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार कोविड गाइडलाइन की पालना के अनुसार राजपरिवार के श्मशान रामद्वारा में मंगलवार को किया गया। रैतिया बाग पैलेस से अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई जो कुंडगेट त्रिमूर्ति स्मारक होते हुए रामद्वारा पहुंची। रास्ते में जगह जगह संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रृद्धांजली दी। राजकुमारी मृदुल कुमारी सौम्य स्वभाव की होकर शाहपुरा के विकास के लिए सदैव चिन्तित रही। उन्होंने पूर्व राजाधिराज स्व. सुदर्शन देव के समय ही यहां के विकास में भागीदारी निभाना प्रारंभ कर दिया था। अंत्येष्टि आर्य समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में वैदिक रीति रिवाज से की गई। अंत्येष्ठि में बनेडा राजपरिवार के मुखिया गोपालचरण सिसोदिया के अलावा देवगढ , जयपुर सहित आसपास के राजपरिवारों व जमीदारों ने पहुंच कर अपनी ओर से श्रृद्धांजलि दी। नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने विधायक कैलाश मेघवाल के प्रतिनिधि के रूप में पुष्पचक्र अर्पित किया।

अंत्येष्ठि में शाहपुरा के पूर्व उप प्रधान गजराजसिंह राणावत, पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, अरवड के नरेंद्र सिंह, राजस्थान राज्य भारत स्काउट संघ के प्रधान ललित कुमार चैहान, भोपालसिंह राणावत सांगरिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार बैरवा, इमरान खां, राजस्थान आयुर्वेद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. जलदीप पथिक सहित कई जनप्रतिनिधि व आर्य समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।



रैतिया बाग पैलेस से राजकुमारी मृदुल कुमारी की अंतिम यात्रा प्रारम्भ हुई।

# जयपुर ग्रेटर निगम की महापौर रही सौम्या गुर्जर के निलंबन पर रोक

## अदालत ने मामले की जांच पूरी होने के बाद उसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करने के लिए भी राज्य सरकार को आदेश दिया


डॉ. सौम्या गुर्जर

■ सौम्या ने एसएलपी में कहा कि नगर निगम कमिश्नर द्वारा मामले में दर्ज कराई एफआईआर में ऐसा कोई गंभीर आधार नहीं है जिस पर राज्य सरकार प्रार्थिया को मेयर पद से निलंबित किया जाता।

**जयपुर,** (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नगर निगम जयपुर की मेयर रही सौम्या गुर्जर के निलंबन आदेश पर मामले में न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की जांच पूरी होने के बाद उसकी रिपोर्ट सर्वोच्च अदालत में पेश करने के लिए कहा है। जस्टिस संजय किशन कौल व एम.एम. सुंदरेश की खंडपीठ ने यह आदेश सौम्या गुर्जर की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के 16 जुलाई 2021 के आदेशानुसार प्रार्थिया पर मेयर के तौर पर अनुचित भाषा का उपयोग करने का आरोप है। जबकि अन्य पार्षदों पर अधिकारी के साथ हाथापाई व धक्का-मुक्की करने का आरोप है। वहीं प्रार्थिया के मामले में राज्य सरकार की न्यायिक जांच की साक्ष्य प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक प्रार्थिया की हद तक उसके निलंबन के आदेश पर रोक लगाया जाना उचित होगा। सुनवाई के दौरान प्रार्थिया की ओर से कहा कि राज्य सरकार ने उसके मामले में न्यायिक साक्ष्य जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली है। राज्य सरकार अब दूसरे अन्य के मामलों में आठ गवाहों के बयान दर्ज करवाना चाहती है और इन दोनों मामलों को एक साथ संलग्न कर अंतिम बहस करवाना चाहती है। इस पर अदालत ने कहा कि वे मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई में दखल नहीं दे रहे हैं, लेकिन प्रार्थिया की भूमिका को देखते हुए न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक उनके निलंबन आदेश पर रोक लगाई जा रही है। सौम्या गुर्जर ने एसएलपी में हाईकोर्ट के 28 जून के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनकी निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

सौम्या ने एसएलपी में कहा कि नगर निगम कमिश्नर द्वारा मामले में दर्ज कराई एफआईआर में ऐसा कोई गंभीर आधार नहीं है जिस पर राज्य सरकार प्रार्थिया को मेयर पद से निलंबित किया जाता। वहीं नगर पालिका अधिनियम की धारा 39 (1) (डी) की संवैधानिकता वैधता को भी चुनौती देते हुए कहा कि मेयर पद से उनका निलंबन गलत किया है, इसलिए उनके निलंबन पर रोक लगाई जाए।

# सौम्या पुनः कुर्सी पर कब बैठेंगी, फिलहाल तय नहीं

■ चर्चा है कि अदालत के आदेश की कॉपी मिलने के बाद राज्य सरकार रिव्यू करेगी, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सौम्या गुर्जर के पुनः मेयर पद पर बहाल होने की राह खुल गई है। हालांकि वे दुबारा मेयर की कुर्सी पर कब बैठेगी, फिलहाल ये कहना मुश्किल है, क्योंकि कोर्ट के आदेश की कॉपी मिलने के बाद सरकार की ओर से रिव्यू किया जाएगा। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

मामले में भाजपा की ओर से पूरे मामले की निगरानी कर रहे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अनैतिक व असंवैधानिक निर्णय को गलत मानते हुए यह स्टे दिया है। यह लोकतंत्र की एक बड़ी जीत है। सौम्या गुर्जर ने कहा कि सत्य सिर्फ परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। गहलोत सरकार ने अलोकतांत्रिक तरीके से मेयर पद से हटाया था, सुप्रीम कोर्ट में सत्य की जीत हुई है। ज्ञात रहे कि गहलोत सरकार ने गत 6 जून को सौम्या गुर्जर को मेयर पद से और अन्य तीन पार्षदों को आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद के बाद निलंबित कर दिया था। इस निलंबन के बाद राज्य सरकार ने इस प्रकरण की न्यायिक जांच भी शुरू करवा दी थी। सरकार के निलंबन के फैसले को सौम्या गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने प्रकरण में न्यायिक जांच होने तक दखल देने और निलंबन के आदेशों पर स्टे देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद सौम्या गुर्जर के समर्थन में भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में पहले 4 बार सुनवाई हो गई, लेकिन अब तक कोई निणर्य नहीं हुआ था। वहीं दूसरी ओर 31 जनवरी को ही राज्य सरकार ने ग्रेटर निगम की कार्यवाहक मेयर शील धाभाई के कार्यकाल को अगले 60 दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने शील धाभाई का कार्यकाल चौथी बार बढ़ाया है। इससे पहले सरकार ने दिसंबर में आदेश जारी करके हुए 60 दिन के लिए कार्यकाल बढ़ाया था।

# माघ महोत्सव में एक महीने तक होंगे विभिन्न आयोजन

**जयपुर,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान संस्कृत अकादमी की ओर से इस बार महाकवि माघ महोत्सव का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जाएगा। अकादमी के प्रशासक और संभागीय आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि माघ महोत्सव का आयोजन इस बार 16 फरवरी से 16 मार्च तक हाई ब्रिड मोड (ऑफ लाईन और ऑन लाईन) पर किया जाएगा। इसका आयोजन कला, साहित्य और संस्कृति विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसकी गतिविधियां जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से की जाएंगी।

दिनेश कुमार यादव ने बताया कि इस एक महीने के वृहद् आयोजनों की शुरूआत 16 फरवरी को दो विशेष रिकार्डेड ऑनलाइन कार्यक्रमों के प्रसारण से होगी। इसके तहत सुबह 11.00 बजे ग्रेमी अवार्ड विनर पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट अपनी नवीन राग रचना 'राग माघ' पर आधारित संस्कृत गीत का प्रदर्शन करेंगे। इस रचना में पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र लिखित संस्कृत गीत को पं. विश्वमोहन जाने-माने गायक रवीन्द्र उपाध्याय और वीणा मोदानी के साथ मिलकर पेश करेंगे। इसी दिन शाम को 6.00 बजे भारत के एक मात्र संस्कृत बैंड 'ध्रुवा' के कलाकार संजय त्रिवेदी के निर्देशन में संस्कृत की रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

इस दौरान कोलकाता के प्रभा खेतान फाउन्डेशन के सहयोग से 27 फरवरी को जवाहर कला केन्द्र में रामायण-महाभारत आधारित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें दस भारतीय भाषओं के कवि कविता पाठ करेंगे।

# सभी ट्रस्टों को रखनी पड़ेंगी खाता बुक, क्रिप्टो करेंसी पर 30 फीसदी टैक्स वसूलेगी सरकार : नमन श्रीमाल


सीए नमन श्रीमाल

■ 'रिवाइज्ड़ इंकम टैक्स रिटर्न अब असेसमेंट ईयर के अंत से 2 वर्ष तक फाइल किया जायेगा, पूर्व में यह नियम तभी लागू था, जब टैक्स देय हो'

■ 'निर्माण इकाई शुरू करने और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए भी 1 वर्ष का समय दिया'

■ 'कमीशन को पेशेवर आय मानेगी सरकार, 10 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा'

**जयपुर** (कासं)। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) नमन श्रीमाल ने केन्द्रीय बजट में मिली छूट तथा टैक्स के प्रतिशत को आमजन के लिए आसान शब्दों में साझा किया है। उन्होंने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट और संस्थानों को अब खाता पुस्तकें रखनी पडेंगी, जबकि पूर्व में अधिकतम सीमा से अधिक आय वाले ट्रस्टों के लिए ही यह नियम लागू था। डिजिटल संपत्ति जैसे क्रिप्टो करैंसी पर सरकार 30 प्रतिशत टैक्स वसूलेगी, जबकि 1 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा। व्यापार व्यय के रूप में अधिभार व उपकर को क्लेम नहीं कर सकेंगे। रिवाइज्ड़ इंकम टैक्स रिटर्न अब असेसमेंट ईयर के अंत से 2 वर्ष तक फाइल किया जायेगा, पूर्व में यह नियम तभी लागू था, जब टैक्स देय हो। सहकारी समिति के मामले में एमएटी दर 18.5 प्रतिशत से घटाकर 15 फीसदी कर दी गई है। सेक्शन 194-आर में कमीशन या अनुलाभ पर 1 जुलाई 2022 से 10 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा, ऐसी आय को अब व्यापार-पेश की आय माना जायेगा।

नमन श्रीमाल ने बताया कि कोविड के हालातों में राहत देते हुए धारा 115 बीएबी के तहत निर्माण इकाई शुरू होने की नियत तारीख 31 मार्च 2023 से बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है। इसी प्रकार स्टार्टअप स्थापित करने की नियत तारीख 1 अप्रैल 2022 से बढ़ाकर 13 मार्च 2023 तय की गई है। कोविड मृतक के परिजनों को मिलने वाली राशि किसी भी तरह की आय नहीं मानी जायेगी। नेशनल पेंशन के तहत नियोक्ता के योगदान की अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 फीसदी की गई है। हालांकि यह सीमाएं राज्य व केन्द्र सरकार के कर्मचारियों पर ही लागू होगी।

# 'संगठन चुनाव के बाद ही ब्लॉक व जिलों के अध्यक्ष नियुक्त होंगे'

## कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए राजस्थान के पीआरओ संजय निरुपम ने पत्रकारों से रूबरू होकर स्थिति स्पष्ट की

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए राजस्थान के पीआरओ बनाए गए संजय निरुपम ने कहा है कि संगठन चुनाव की प्रक्रिया के जरिए ही ब्लॉक और जिला अध्यक्ष बनाए जाएंगे। निरुपम के बयानों से एक बात साफ हो गई है कि अब राजस्थान में जिलाऔर ब्लॉक अध्यक्ष का इंतजार लंबा खिसक गया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि अब जिलाऔर ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति मनोनयन के माध्यम से न होकर चुनाव के माध्यम से होगी। हालांकि, जिन 13 जिलों में जिलाध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं, उनकी कार्यकारिणी और कुछ इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष घोषित किए जा सकते हैं।

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 13 जिलाध्यक्ष बन चुके हैं। इसके अलावा 400 ब्लॉक अध्यक्ष और 29 जिला अध्यक्ष बनने बाकी हैं। इन नियुक्तियों के इंतजार के बीच कांग्रेसमें केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष ही चुनाव के जरिए नहीं चुना जाएगा, बल्कि जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष भी चुनाव के जरिए बनेंगे। संगठन चुनाव के लिए पीआरओ बनाए गए संजय निरुपम ने कहा कि पहले 31 मार्च तक कांग्रेस पार्टी का डिजिटल मेंबरशिप अभियान चलेगा। इन्हीं डिजिटल मेंबर्स और सामान्य मेंबर के मतदान के जरिए ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी और एआईसीसी सदस्य बनाए जाएंगे। निरुपम ने कहा कि जब 31 मार्च को सदस्यता अभियान समाप्त हो जाएगा। उसके बाद कांग्रेस के बनने वाले मेंबर ही चुनाव प्रक्रिया में मतदान करेंगे और यही मेंबर राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी और एआईसीसी मेंबर का चुनाव करेंगे। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने केविषय पर निरुपम ने कहा कि क्योंकि मेरी भावना भले ही हमेशा राहुल गांधी के साथ जुड़ी रही हो, लेकिन अब मैं राजस्थान के चुनाव में पीआरओ की भूमिका में हूं। ऐसे में कौन अध्यक्ष बनेगा और कौन किस पद पर चुना जाएगा, मैं इस बारे में नहीं कह सकता। संजय निरुपम ने कहा कि राजस्थान हमेशा से मेंबर बनाने में आगे रहा है। इस बार भी 50 से 52 लाख मेंबर राजस्थान में बनाए जाएंगे।

इस बैठक में बस्सी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे दौलत मीणा ने संजय निरुपम के सामने ही कहा कि मेरे यहां डिजिटल मेंबरशिप करवाने के दौरान सारे एनरोलर्स निर्दलीय विधायक के कहने पर बनाया गया है। जिन्होंने पार्टी को नुकसान पहुंचाया, तो फिर हम जो कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वह कैसे मेंबरशिप अभियान को हमारे क्षेत्र में मजबूती दे पाएंगे ?

संजय निरुपम ने कहा कि अगर ऐसी दिक्कत है तो कांग्रेस के प्रत्याशियों को भी डिजिटल मेंबरशिप के एप्प एक्सेस दे दिया जाएं। इसी मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि ऐसी दिक्कत 15 जगह आ रही है, यहां भी कोई समाधान निकाला जाएगा।

# रोडवेज की खाली जमीन पर पेट्रोल पम्प, सीएनजी व इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

**जयपुर** । राजस्थान रोडवेज अपनी अतिरिक्त पड़ी जमीन बस संचालन के अलावा पेट्रोल पम्प, सीएनजी स्टेशन, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए देगा। रोडवेज निगम ने गैर संचालन आय में बढोतरी करने के लिए यह निर्णय लिया है। जिसके अनुसार रोडवेज सभी आगारों, कार्यशालाओं एवं बस स्टैण्डों की खाली पड़ी जमीन पर पेट्रोल व डीजल पम्प, सीएनजी स्टेशन एवं इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए सरकारी तेल कम्पनियों को लीज रैंट (किराए) पर देगा। सरकारी तेल कम्पनियां आइओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल को प्राथमिकता दी जाएगी। यह जमीन रोडवेज 19 वर्ष 11 माह के लिए लीज पर देगा। भूमि का किराया सार्वजनिक निर्माण विभाग के नियमानुसार प्रति वर्गमीटर वर्तमान डीएलसी दर के 9 प्रतिशत वार्षिक के आधार पर तय होगा। प्रतिवर्ष किराया राशि में 3 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि की जाएगी। इससे रोडवेज को अच्छी आय प्राप्त होगी। इसके अलावा सभी रोडवेज की ईकाईयों में हर माह के चौथे शनिवार को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक सर्विस बुक पूरी करवायी जायेगी।

# हैरिटेज निगम के कामकाज में था महापौर पति का हस्तक्षेप?

## राजस्थान पोर्टल पर युनूस चौंपदार की शिकायत के जवाब में निगम प्रशासन ने यह बात स्वीकारी

■ हैरिटेज निगम प्रशासन ने पोर्टल पर जवाब दिया है कि ''अनावश्यक हस्तक्षेप पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। इसके बाद कहा गया कि परिवादी इस कार्रवाई से संतुष्ट है और परिवाद निस्तारित किया जा रहा है।''

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम के कामकाज में महापौर पति सुशील गुर्जर द्वारा हस्तक्षेप करने का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर हैरिटेज निगम प्रशासन की चौंकाने वाली जवाबी टिप्पणी में यह खुलासा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों सामाजिक कार्यकर्ता यूनूस चौंपदार ने मुख्यमंत्री के राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवायी थी कि जयपुर हैरिटेज निगम के कामकाज में महापौर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर हस्तक्षेप करते है और संसाधनों का दुरुपयोग करते है। वहीं दूसरी तरफ जैसे ही इस शिकायत की सूचना हैरिटेज निगम प्रशासन को मिली तो वहां से जवाब दिया गया कि ''अनावश्यक हस्तक्षेप पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। इसके बाद कहा गया कि परिवादी इस कार्रवाई से संतुष्ट है और परिवाद निस्तारित किया जा रहा है।'' अब इस रोचक टिप्पणी के बाद सवाल यह उठता है कि जब निगम प्रशासन स्वयं स्वीकार कर रहा है कि महापौर पति का हैरिटेज नगर निगम के कामकाज में हस्तक्षेप था, तो आखिर वह कौनसे प्रकरण थे, जिनमें सुशील गुर्जर लगातार दखलअंदाजी कर रहे थे। राजनैतिक गलियारों में चर्चा छायी है कि आखिर सुशील गुर्जर किन प्रकरणों में हस्तक्षेप करके किसे फायदा पहुंचाना चाह रहे थे।

# केन्द्रीय बजट से बनेंगे विकास के नए आयाम:दीया कुमारी



**जयपुर** । केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि ''सड़क व रेल सुविधा के साथ बजट में बुनियादी सुविधाओं को सहज रूप से उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बजट में किसान, महिला, युवा, व्यापारी, आवास, आंगनबाड़ी, पीने के पानी, खेती, स्वास्थ, शिक्षा, गावँ, गरीब और शहरी विकास के साथ ही सभी वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। बजट 2022 विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण व मोदी सरकार का आभार।

# बजट से किसान व युवाओं को फायदा : सांसद बोहरा



**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर कहा कि वर्ष 2022-23 का बजट आम जन में युवाओ के लाभ का बजट है। इस बजट से 60 लाख युवाओ को नौकरी दी जायेगी।

हमारी सरकार सशस्त्र बलों में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। जिसके लिये 2022-23 के लिए बजट का 68 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित किया गया है। जो 2021-22 में 58 प्रतिशत ही था इससे मेक इन इण्डिया को बढ़ावा मिलेगा। स्वदेशी निर्मित 400 वंदे भारत ट्रेनें तैयार की जाएंगी। जिसके लिये तीन सालों में 100 पी.एम. गति शक्ति कार्गो टर्मिनल तैयार होगे। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना कम तहत 2022-23 में 80 लाख आवासो के लिए 48 हजार करोड़ का फंड रखा गया है, जिससे आवास से वंचित परिवार को अपनी छत मिल सकेगी।

सांसद बोहरा ने बताया कि रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुऐं यथा यथा जूते-चपल, कपड़ा, चमड़े का सामान, मोबाइल फोन, चार्जर के साथ किसानो के लिये खेती के उपकरण सस्ते होने से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

हर घर, नल से जल योजना के लिए वर्ष 2022-23 में 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

आम जन को सड़क परिवहन की सुविधा के लिए 2022-23 के बीच नेशनल हाईवे की लंबाई 25,000 किमी तक बढ़ाई जाने का प्रावधान रखा गया है। इससे हाईवे विस्तार पर 20 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# आधारभूत ढ़ांचे में बदलाव लायेगा बजट : भंसाली



**जयपुर,** (कासं)। केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट-2022 को राजस्थान सीए सोसाइटी के अध्यक्ष सीए सुधीर भंसाली ने आधारभूत ढांचे में अमुलचुल परिवर्तन लाने वाले बजट बताया है।

सीए भंसाली के अनुसार रु. 7.50 लाख करोड़ के पूंजीगत खर्च करके देश नये आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगी जिससे देश में बहुत बढ़े स्तर पर रोजगार का भी सृजन होगा। मेक इन इण्डिया के तहत 68 प्रतिशत रक्षा खरीद खर्चे किया जायेगा जिससे देश मजबूत होगा तथा बहुत बढ़ी मात्रा में रोजगार सृजन होगा।

भंसाली के अनुसार सहकार क्षेत्र में बहुत बढ़ी मात्रा में ग्रामीण जुड़े होते है तथा इस पर आयकर को 15 प्रतिशत पर लाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती लाने वाला कदम है। अभी 18.5 प्रतिशत आयकर देय है।

# सीआईआई ने बजट को विकासोन्मुखी बताया

■ 'एमएसएमई का केन्द्र है राजस्थान, ऐसे में इस सेक्टर की छूट प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर को और अधिक प्रतिस्पर्धी व कुशल बनायेगी'

**जयपुर** । सीआईआई के अध्यक्ष अभिमन्यु मुंजाल ने केन्द्रीय वित्त मंत्री 'निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट विकासोन्मुखी और विस्तारवादी बताते हुए इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से बढ़े हुए पूंजीगत व्यय के माध्यम से सतत विकास पर सरकार के फोकस का संकेत दिया है।

सीआईआई राजस्थान के चेयरमैन संजय साबू ने कहा कि राजस्थान एमएसएमई का केंद्र हैं, और इस क्षेत्र के लिए कई सकारात्मक हैं, जैसे कि आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना का 2023 तक विस्तार, 2 लाख करोड रुपये का अतिरिक्त क्रेडिट एमएसएमईज् के लिए, और एमएसएमई प्रदर्शन कार्यक्रम को बढ़ाने और तेज करने की घोषणा। इन सभी कदमों से एमएसएमई क्षेत्र को अधिक लचीला, प्रतिस्पर्धी और कुशल बनने में मदद मिलेगी। सीआईआई राजस्थान के वाइस चेयरमैन गौरव रूंगटा ने कहा, डिफेंस कैपेक्स का 68 फीसदी घरेलू कंपनियों के लिए रखने की घोषणा से मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी की घोषणा से ईवी सेगमेंट को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई राजस्थान के निदेशक और प्रमुख नितिन गुप्ता ने कहा, कट और पॉलिश किए गए हीरे और रत्नों पर सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से राजस्थान के रत्न और आभूषण उद्योग को राहत मिलेगी। इसी तरह रोडियम, पर्ल्स आदि पर भी सीमा शुल्क कम कर दिया गया है। डेटा सेंटर निवेश का एक आगामी क्षेत्र है। बजट ने डेटा केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया है जिससे पूरे भारत में अच्छा निवेश होगा।

## सार-समाचार

### जन्मदिन पर स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत



**जयपुर,** (कासं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के जन्म दिन पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी, प्रदेश संयोजक शशिकांत शर्मा, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों नर्सिंग कर्मचारियों ने चिकित्सा मंत्री के आवास पर पहुंच कर उनके जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा मंत्री को साफा व शाल के साथ 51 किलो की माला पहना कर अभिनंदन पत्र भेंट किया। वहीं नर्सेज संघर्ष समिति ने भी चिकित्सा मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभाकामनाएं दी। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सोमसिंह मीणा, प्रदेश संयोजक जितेद्र कटारा, संयोजक कमलेश गुर्जर, पवन खटाना, लक्ष्मीकांत मीणा और विक्रम सिंह मौजूद रहे।

### नर्सेज ने 67 यूनिट रक्तदान किया

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से चिकित्सा मंत्री के जन्मदिन पर मंगलवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशी राम मीणा एवं जिला अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि शिविर में 67 यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें नर्सेज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कमल मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए एवं मरीजों के परिजनों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राघव मीणा, डॉ. प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. मनोज, डॉ. सीपी मीणा, नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, अनुशासन समिति चेयरमैन अशोक सपोटरा, महामंत्री पवन जादौन, सोम सिंह, मनोज दुबी, नरेंद्र सिंह राठौड़, योगेश पटेल, अशोक शर्मा, सुनील बैरवा, सुरेंद्र गुर्जर, महेश यादव व सवाई मानसिंह चिकित्सालय के नर्सेज उपस्थित रहे।

### 'किसानों की आय दुगुनी करेगा बजट'

**जयपुर** । ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान के प्रदेश सह संयोजक अंबिका प्रकाश पाठक ने आम बजट को गरीब हितकारी और आमजन के कल्याण वाला बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी के लिए 2.7 लाख करोड़ रुपए दिये जाने के साथ तिलहन की खेती को बढ़ावा दिये जाने एवं फल, सब्जी किसानों के लिए नए पैकेज लाए जाने का प्रावाान रखा गया है। इससे किसानों की आय दुगुनी होगी और उनका जीवन स्तर भी सुधरेगा। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देने वाला साबित होगा। बजट घोषणा के अनुसार स्वदेशी निर्मित 400 वंदेभारत ट्रेनें तैयार की जाएगी। जो मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाएगी और इसके लिये तीन सालों में 100 पीएम गति शक्ति कार्गा टर्मिनल तैयार होगे। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम को बताई कर्मचारियों की समस्या

**जयपुर** । मुख्यमंत्री के साथ हुई वर्चुअल बैठक में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने राजस्थान के कर्मचारियों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने 30 अक्टूबर 2017 के वेतन कटौती के आदेश को निरस्त करने, चयनित वेतनमान का परिलाभ 9,18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8,16, 24 व 32 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पदोन्नित पद के समान देना तथा वर्ष 2004 के बाद नियुक्त राज्य कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने और सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई। गजेन्द्र सिंह ने वेतन विसंगतियों के परीक्षण के लिए खेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में गठित समिति का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाने और वेतन विसंगति की रिपोर्ट को लागू करने के लिए बजट में प्रावधान रखने, राज्य कर्मचारियों के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने तथा तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण की मांग भी मुख्यमंत्री के समझ रखी। इस कार्यशाला में महासंघ की ओर मुख्य संरक्षक भंवर सिंह धीरावत, मुख्य महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश नारायण शर्मा और कार्यालय मंत्री महेश कुमार ने भी भाग लिया।

### 5 से 14 मार्च तक होगा जेएलएफ

**जयपुर** । जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 15वां संस्करण जयपुर में ही 5-14 मार्च को किया जायेगा। भरतनाट्यम की दिग्गज सोहिनी रॉयचौधरी और विविध भारतीय शास्त्रीय नृत्यों-ओडिसी, मणिपुरी, मयुरभंज व सेरिकेल्ला छाउ की प्रसिद्ध नृत्यांगना शेरॉन लोवेन का साथ देंगी जानी-मानी संगीत और नृत्य आलोचक मंजरी सिन्हा। सत्र में श्रृंगार पर चर्चा करते हुए ये उसके विविध पहलुओं पर प्रकाश डालेंगी। भारतीय नृत्य के नौ रसों में 'श्रृंगार' को अहम् माना है। थिएटर की जानदार हस्ती डॉली ठाकोर की आत्मकथा, रेठोट्स, नन सारे बंधनों को तोड़ते हुए, बड़ी बेबाकी से उनके जीवन को बयां करती है। 20 साल का थियेटर का अनुभव संजोए इस किताब में हास्य, व्यंग्य, ग्लैमर की चकाचौंध के साथ ही डॉली के जीवन के रोचक किस्से हैं। इसकी सह-लेखक हैं अर्घ्या लाहिरी। फेमिनिस्ट, प्रकाशक और लेखिका रितु मेनन ने हरदिल अजीज़ ज़ोहरा सहगल की जीवनी को बड़े प्यार से लिखा है। ज़ोहरा ने 90 सालों तक अपने जीवन को भरपूर जिया। मेनन ने लिखा है कि किस कद्र डांसर उदय शंकर और एक्टर पृथ्वीराज कपूर की रचनात्मकता ने ज़ोहरा को प्रभावित किया। टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, संजॉय के. रॉय के साथ चर्चा करते हुए ठाकोर, मेनन और लाहिरी थिएटर के सार, उसके जादू को सामने लाने की कोशिश करेंगी। अन्य सत्र में रॉय सबके पसंदीदा भारतीय गायक और संगीतकार रेमो फर्नांडिस से भी म्यूजिक, आर्ट, राइटिंग और उनके गृहराज्य, गोवा के बारे में बात करेंगे।

### मेडिकल संचालक समेत तीन गिरफ्तार

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसते हुए दो मेडिकल संचालक सहित तीन सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से नशीली दवाइयां सहित गांजा जब्त किया है। नेटवर्क को लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी (क्राइम) नारायण टोगस ने बताया कि टीम ने मुरलीपुरा और करधनी थाना इलाके में दो कार्रवाइयों को अंजाम दिया। टीम ने आरोपित कमल राम चंदानी निवासी सी 238-39 मुरलीपुरा स्कीम, रोहित आसवानी फ़्लैट नंबर-जी-2, रघुवीर रेजीडेंसी, दादी का फाटक और पुष्पेंद्र सिंह मकान संख्या-80, देवी नगर विस्तार, करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां 3450 अल्प्राजोलम, 1424 प्रॉक्सीवेल सहित 395 ग्राम गांजा बरामद किया है। एडिशनल डीसीपी (क्राइम) सुलेश चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कमल राम चंदानी का मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर कमल मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर और आरोपित रोहित आसवानी तंवर मार्केट में मैसर्स कृष्णा मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर की आड़ में नशीली दवाइयां बेच रहे थे। वहीं आरोपित पुष्पेन्द्र सिंह गांजा को छोटी-छोटी पुडिया बनाकर छात्र वर्ग एवं मजदूर वर्ग को बेचता है।

### 30 लाख रु. का सोना ले भागा नौकर

**जयपुर** । रामगंज में चार नौकर 30 लाख रूपए का सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि आनंद कॉलोनी दित्तीय, आमेर रोड निवासी पीड़ित समरजीत संतरा का घी वालों का रास्ता में सोने के आभूषण बनाने का कारखाना संचालित है। यहां पर गांव राउतखाना जिला हुगली, पश्चिम बंगाल निवासी सुभान सा और उसके तीन साथी राजेश, शेख राकिब और शेख लालचंद पिछले एक साल आभूषणों की कारीगरी का काम करते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक 30 जनवरी की रात करीब 1 बजे सुभान सा, राकिब बाजार जाने और राजेश एवं लालचंद किसी परिचित को स्टेशन से लाने की कहकर कारखाने से चले गए थे। सुभान एक अन्य कर्मचारी को गेट बंद करने की कहकर गया था। इसके बाद चारों वापिस नहीं लौटे। पीड़ित ने सुभान सा को 600 ग्राम सोना गहने बनाने के लिए दिया हुआ था। अगली सुबह जब पीड़ित ने कारीगरों की डेस्क पर सोना चेक किया तो नहीं मिला।




## A City Resting on Two Continents

Istanbul is located in both Europe and Asia, with the Bosphorus Strait running through its middle. You can cross the Bosporus Bridge between the two sides, with the more populated European side serving as the commercial and historical centre. The largest city in Turkey as well as on two continents with 14 million people. It has a 2,000-year-old history that includes serving as the capital of the Rome, Byzantine and Ottoman Empires.



#AROUND-D-WORLD

# Drinking Traditions



While most people simply 'cheer' and 'toast', many countries have a little more interesting and fun approach to drinking.

In many cultures, alcohol is an integral aspect of socialising. How people socialise reveals a lot about their culture, celebrations and traditions. While most people simply 'cheer' and 'toast', many countries have a little more interesting and fun drinking approach.

Let's look at some drinking rituals from cultures around the world.

### Abducting the Bride

In Germany, the pre-wedding drinking practice is an old tradition. The groomsmen are tasked with surprising the bride-to-be with a mock kidnapping while leaving hints for the groom. They then take her to a bar to wait for the groom to buy a round of drinks and rescue his bride.

### The Sourtoe Cocktail

In Canada, for tourists visiting Dawson City, Yukon, the Sourtoe Cocktail is essentially a test of courage. If you finish the legendary Sourtoe Cocktail, which contains a hearty portion of alcohol, a shot of whiskey, generally Yukon



Jack, and an alcohol-preserved human toe, you can be admitted into a secret society at the Sourdough Saloon, known for its pizzas, swinging doors, and amazing decor.

### Drinking from the Bride's Shoe

In Ukraine, brides must keep their feet on the ground, or their shoes will be taken and used as traps. If a visitor at a Ukrainian wedding is successful in stealing the bride's shoes, they will have earned the right to make unreasonable demands. And very often, the wedding party is made to sip wine from the bride's stolen shoe.

### Pimms and Jägerbomb

In England, if you mention the name Pimms, you'll incite a riot. Summertime is when Pimms is customarily offered. Similarly, the Jägerbomb, which consists of a shot of Jägermeister combined with red bull, has become linked with England's famed nightlife.

### Koupa

The drinking game 'koupa' is treasured in Greece. When someone is summoned, they must drink the contents of their glass and kiss the bottom for good luck. They then summon someone else, and the game continues in this manner. Koupa is very popular at bachelor and bachelorette parties, as well as other celebrations.

### All-out Wine War

The Haro wine festival in Spain, which will take place on June 29 this year, is a full-fledged wine war. The festivities begin the night before with a street party in which the entire town participates. The next morning, partygoers dress in customary white shirts and red scarves and head for the highlands. The participants are then doused in booze using sprayers, buckets, or whatever they can find.

### Shout!

This ritual "shout" is famous in Australia. When a group of friends gets together, they must "shout" a round of drinks for everyone. It's also regarded impolite to refuse to participate, especially if others have already purchased drinks.

### Kopstootje

In Netherlands, a tradition named 'Kopstootje' is quite famous which translates to 'little headbutt' in English. Going by the ritual, people have to gulp a whole glass of Genever, a traditional liquor served in a tulip-shaped glass. However, the drink must be finished without using hands and one has to bend over to lift the glass with his/her mouth and then even gulp down a beer after it.

### In Sync

Vodka is pretty synonymous with Russian culture and the drink is extremely popular in the country. Traditionally in Russian bars, people usually take the shots in sync with each other and drink it only chilled and straight from the glass. Many even place the vodka bottles on the floor as leaving them on the table indicates that the person is destitute.

### Holes in the wall

There are these things called Holes in the Wall in Italy, where people just grab a quick pint by the roadside and leave as quickly as they arrived. The whole process is quite intriguing, and you'd imagine a spy movie like setting, where these double as information centres. Anyway, spy or not, finish your beer quickly and leave. No dawdling. And this process is repeated at different intervals, four times a day.

### Nozdravy

If you're drinking in Czech Republic, you'd do well to have your wits about you. The custom here is to keep pouring alcohol into an empty glass. To signal that you're through, you're usually supposed to place a coaster over your glass.

And while toasts are being made, make serious eye contact with everyone you clink your glasses with, followed by the cheer 'Nozdravy'. Make sure your arms don't cross anyone else's while you're at it, place your glass back on the table only after every last drop has been consumed. And while you're at that…ok we're just kidding. That's pretty much of it.



Brand is not built by you but by your clients who tell others and become your ambassadors to the world. One referral by a satisfied client is worth a million bucks of advertising. I am not against advertising and PR but want to emphasize that one must keep it in perspective and not imagine that it is some kind of magic wand that once waved will wipe out all the bad taste of indifferent product and service quality. It won't. On the other hand, ad-agency generated PR will come across as an exercise in deception and destroy credibility even more.

# Don't Do It Yourself
## Let Customer Build The Brand





Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

#BRANDING

Much has been written about building a winning brand and about the importance of brand and branding in general. In my view successful branding is the result of a 2 - step process which is as follows:

1. Ask: What do we want to be remembered for?
2. Act always and consistently to create those memories in people's minds.

So that every time they think of what you provide, they have only one name that they can recall and that is yours. Like all truly powerful ideas, it is very simple. The key is in execution; passionately, seamlessly, and consistently.

In my view, if you are competing against anyone i.e. if your customers or potential customers are even considering your competitors as potential fulfillers of their need, then you have failed. In the words of Sun Tzu, 'The best general is the one who wins without fighting.' And that is the hallmark of successful branding - that you leverage yourself out of the competition.

### How can you do that?

**1. Ask: What do we want to be remembered for?**

It is essential to ask this question. The answer lies in another question: What am I most passionate about? We can only be remembered for what we do best, and we can only do best what we are most passionate about. So ask, 'What am I most passionate about? What do I truly want from life? What am I willing to do anything to achieve? What do I get the most satisfaction from?' Make up your own questions and answer them, and you will arrive at that which you are most passionate about. If you always do what you are passionate about you will become known for it and people will remember you for it. Identify that passion.

An important caveat: Never do what you are not passionate about. This is equally important because it is your overall performance that builds or mars your reputation. People don't remember the specifics. Only the overall feeling. As someone said, "People won't remember what you said. They will only remember how you made them feel." If you do some things passionately and others in a lackadaisical manner, it detracts from your overall impression. Pass on what you are not passionate about to someone who is. And if you think that you will never find someone passionate about some things that you do, let me tell you that I have an accountant friend whose hobby is to read telephone directories. Takes all kinds to make a world.

**2. Act always and consistently to create those memories in people's minds.**

If there's one word which is critical in this statement it is the word 'consistently'. It is regularity that creates dependability. People must become used to expecting the same standard of excellence when they come to you for whatever it is that you provide. Consistent Excellence. Flashes in the pan are good to create awareness but if the pan doesn't flash every time, then credibility gets damaged very quickly.

| 89 | रमेश चन्द कुमावात पुत्र बिरदी चन्द कुमावत | चौबदारो का मौहल्ला सीता सागर रोड सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 90 | सुशील कुमाल जैन पुत्र त्रिलोकचन्द जैन | लम्बी गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 91 | सत्यनारायण, घनश्याम , जुम्माप्रसाद पुत्रान स्व. जेठाराम | पोस्ट ऑफिस के पीछे रैगरो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 92 | कमल सिंघानियॉ पुत्र ओमप्रकाश सिंघानियॉ | सिंघानियॉ का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 93 | बाबुलाल पुत्र दुर्गाप्रसाद आचार्य | निवासी तेली दरवाजा सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 94 | मोहनलाल स्वामी पुत्र कुंदनमल स्वामी | वार्ड नम्बर 14 नाईयोंकी गली छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 95 | सत्यनारायण पुत्र लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्ष्मण | पुरानाा किल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 96 | घनश्याम शर्मा पुत्र शिवप्रसाद शर्मा | जतिजी की गली धोबियो का चौक सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 97 | अमरचन्द माली पुत्र रामदेव | पुराने पोस्ट आफिस के सामने सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 98 | ज्ञानाराम कुम्हार पुत्र कानाराम कुम्हार | भाटो का कुआ सांभर लेक | आवासीय | सुमोटो |
| 99 | सीताराम मोदी पुत्र श्री ग्वालदास मोदी | देवयानी रोड छोटा बाजार सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 100 | अशिष कुमार फलोड पुत्र राम गोपाल फलोड माहेश्वरी | ढाढो की गली पुराना पुलिस स्टेशन के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 101 | कमल सिंघानियॉ पुत्र ओम प्रकाश | पुरानी धान मंडी सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 102 | ललिता शर्मा पुत्र राजेन्द कुमार शर्मा | वार्ड नम्बर 23 जोशियों कि गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 103 | राजीव सोनी पुत्र छिमरमल सोनी | वार्ड न. 01 शनिचर मंदिर के पास बडा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 104 | ओम प्रकाश शर्मा पुत्र भंवर लाल शर्मा | शहीद पुनम चन्द मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 105 | सुमेंर चन्द जैन , अशोक कुमार जैन पुत्रान सोभागमल जैन | वार्ड न. 12 जाजुओं का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 106 | धमेन्द्र दुबें पुत्र श्री राम आशीष दुबें | वार्ड न.15 भाटों का कुंआ सांभर लेक | आवासीय | सुमोटो |
| 107 | पवन कुमार जैन पुत्र मोहन लाल जैन | वार्ड नं. 13 गुलाब चन्द काला मार्ग, सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 108 | गुलशेर पुत्र सलीम मोहम्मद | वार्ड न. 22 निर्माणों का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 109 | शरद कुमार पुत्र रामपाल कालानी | वार्ड न. 23 झंडा की गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 110 | रमेश चन्द कालानी पुत्र रामपाल कालानी | वार्ड न. 23 झंडा की गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 111 | गिर्राज किशोर गोयल पुत्र मोहरी लाल | वार्ड न. 23 लवतियों का मौहल्ला , बडा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 112 | कृष्ण कुमार पारीक पुत्र अवधेश कुमार पारीक | वार्ड न. 19 राजपथ मार्ग , सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 113 | रामेश्वर लाल गौरी लाल | वार्ड न. 17 पुराना किल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 114 | श्रवणी देवी पत्नि रामेश्वर लाल | वार्ड न. 17 इस्लामी बगीची के पास तेजाजी चौक पुराना किला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 115 | पुष्पा देवी पत्नि ओमप्रकाश शर्मा | वार्ड न. 12 बडा बाजार , सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 116 | सुगरा पत्नि अजीज खान | पंचपीरो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 117 | मुन्नी देवी टांक पत्नि शिव बल्लभ टांक | शहीद पुनम चन्द मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 118 | शहजादी पत्नि अब्दुल बशीर | पंचपीरो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 119 | मंगलचन्द पुत्र सुवालाल कुम्हार | चौबदारो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 120 | किशन वीर पुत्र रामदेव गुर्जर | पुराना किल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 121 | इमरान मौहम्मद खॉन पुत्र फैयाज खॉन | वार्ड न. 22 निर्माणों का मौहल्ला छोटा बाजार सॉभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 122 | मौहम्मद ईकबाल पुत्र इस्माईल | वार्ड न. 23 बरडोटी मौहल्ला सॉभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 123 | अब्दुल हमीद पुत्र इमाम बक्श व जैतुन पत्नि अब्दुल हमीद | पचपीरों का मौहल्ला दरगाह शरिफ के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 124 | अब्दुल रसीद खान,रहीस मोहम्मद , इमरान खान, अब्दुल फरीद खान पुत्रान बशीर बक्स | निर्माणों का मौहल्ला वार्ड न. 22 छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 125 | इन्तयाज बेगम पत्नि मकबूल खॉन | हरिजन मौहल्ला तेली दरवाजा के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 126 | रहीस खॉन , इलियास खॉ पुत्रांन रसीद खॉन | निर्माणों का मौहल्ला वार्ड छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 127 | श्रीमती सीता देवी पत्नि रामबाबू अग्रवाल | सिन्धी बाजार तेली दरवाला सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 128 | पार्वती देवी पत्नि सत्यनाराण, दामोदर पुत्र मुलचन्द सैनी | न्यू मार्केट नावा रोड सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 129 | शहीद मोहम्मद, रमजान, इकबाल, बीलाल पुत्रान स्व. अब्दुल सत्तार | छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 130 | शायरा बानो पत्नि स्व. मोहम्मद सलीम कुरैशी | सीता सागर रोड छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 131 | मोहम्द युनुस कुरैशी मोहम्मद अकरम कुरैशी पुत्र स्व. मोहम्मद सलीम कुरैशी | तेली दरवाजा रोड सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 132 | कैलाशचन्द माली पुत्र डालूराम माली | पीर का कुआ सांभर लेक | आवासीय | सुमोटो |
| 133 | चिरागुदीन पुत्र कबुल अहमद | मुगल मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 134 | रतन लाल सिंधानिया पुत्र रामावतार | वार्ड न. 12 गोला बाजार सांभर लेक | मिश्रित | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 135 | शिला देवी पत्नि गजान्नद बलाई | छोटा बाजार रामदेव जी मन्दिर के पास सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 136 | सरला देवी पत्नि ज्ञानचन्द | मालवो कि गली छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 137 | मुकेश गुर्जर पुत्र स्व. किशनलाल गुर्जर | गुर्जर मौहल्ला शहीद पुनमचन्द मार्ग छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 138 | हिमान्शु व्यास पुत्र स्व. मकरध्वज व्याास | बडा बाजार जामा मस्जिद के पास सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 139 | नवलकिशोर जांगिड, अनिल कुमार जांगिड पुत्रान मोहन लाल जांगिड | सिघांनियो का मौहल्ला छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 140 | राजकमल कुमार पुत्र स्व. ओमप्रकाश कुमार | सिघांनियो का मौहल्ला छोटा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 141 | रमेश चन्द जांगिड पुत्र स्व. मोहन लाल जांगिड | चौबदारो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 142 | कैलाश चन्द पुत्र स्व. जौहरी लाल | नेहरू कॉलोनी सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 143 | श्योकरण पुत्र चैनाराम | रैगरो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 144 | देवी लाल पुत्र स्व. रामेश्वर लाल | ग्वारीयो का मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 145 | चन्द्र प्रकाश व्यास पुत्र स्व. सदाशिव व्यास | सदाशिव व्यास मार्ग सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 146 | तसनीम पत्नि मोहम्मद जियाउंरहमान | पुरानी धान मण्डी सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 147 | वासुदेव पुत्र शितलदास | मुगल मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 148 | रसीदा बेगम पत्नि स्व. अनवर अली | मुगल सिन्धी मोहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 149 | अमजद अली पुत्र स्व. अनवर अली | गोला बाजार सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 150 | नवल किशौर सोनी पुत्र भॅवर लाल सोनी | बड़ा बाजार सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 151 | नवल किशौर सोनी पुत्र भॅवर लाल सोनी | बड़ा बाजार सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 152 | नवल किशौर सोनी पुत्र भॅवर लाल सोनी | बड़ा बाजार सांभर लेक | व्यवसायिक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 153 | बनवारी लाल पुत्र रामदेव | नकाशा मौहल्ला सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 154 | मुकद चन्द सैन पुत्र सत्यनारायण सैन | कालानियो की गली सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 155 | जीवन सिहं पुत्र देवी सिहं | गोला बाजार सांभर लेक | व्यवसायीक | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 156 | अशोक कुमार सैन ईश्वर लाल सैन पुत्रान ओम प्रकाश सैन | पीर का कुवा सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 157 | सरफराजुल्लाह खान पुत्र सैफुल्लाह खान | गांधी बस्ती सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 158 | रामजीलाल सैनी पुत्र रामदेव माली | सदाशिव व्यास मार्ग, अग्निशमन केन्द्र के पास, सांभरलेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 159 | सीताराम सैनी पुत्र रामदेव सैनी | सदाशिव व्यास मार्ग, अग्निशमन केन्द्र के पास, सांभरलेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |
| 160 | टीकमचन्द्र प्रजापत पुत्र कुन्दनमल प्रजापत | चौबदारों का मोहल्ला, सांभर लेक | आवासीय | 69 क अन्तर्गत पट्टा आवेदन |

इसलिये इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 द्ध2009 का अधिनियम संख्या 18त्र की धारा 69–क संशोधित द्ध2021 के अन्तर्गतत्र के अधिन पूर्ण पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अर्भ्यपण व सुमोटो, खांचा भूमि करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई उज्रदारी/आपत्ति है तो वह प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भितर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष अपने दस्तावेजों के साथ उज्रदारी/आपत्ति प्रस्तुत करे नियत समय अवधि के अन्दर किसी भी प्रकार की उज्रदारी/आपत्ति के अभाव में यह समझा जावेगा किसी भी व्यक्ति को कोई उज्रदारी/आपत्ति नहीं है और मामले का तदानुसार निपटारा किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका सांभर लेक**

## संक्षिप्त

### थाने में 85 पुलिस जवानों की स्वास्थ्य जांच की

**निवाई, (निसं)।** थाना परिसर में मंगलवार को मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर पुलिस कर्मिकों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य जांच और उपचार हेतु कैंप थाना परिसर में शिविर आयोजित किया गया। कैंप में डॉ.अभिषेक ओझा द्वारा सभी पुलिस कार्मिकों और उनके परिजनों की बीपी, शुगर, कोरोना जांच, एक्सरे सहित विभिन्न जांचें की गई। इस दौरान करीब 7 जनों को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रैफर किया। इस दौरान सभी पुलिस जवानों और उनके परिजनों की मेडिकल टीम के कमलेश बेनीवाल, अजय चौधरी, लोकेश जाट, विजयलक्ष्मी द्वारा 85 पुलिसकर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

### सेवानिवृत होने पर शिक्षक को विदाई दी

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत टसकोला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक का भव्य विदाई समारोह के दौरान शिक्षक जगराम गुर्जर को सेवानिवृत्ति के दौरान विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों एवं उनके विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर एवं उपहार देकर विदा किया । शिक्षक जगराम गुर्जर के प्रति सभी ने अपार स्नेह एवं आभार प्रदर्शित किया। वहीं बालकों द्वारा विदाई गीत गाया गया। प्रधानाचार्य जीवाराम यादव ने सभी पधारे अतिथियों का आभार एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

### 5 व 6 को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी

**निवाई।** उपखण्ड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 5 व 6 फरवरी को बीसलपुर पेयजल की सप्लाई बाधित रहेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड निवाई के अधिशाषी अभियंता त्रिलोक चतुर्वेदी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सूरजपुरा बिसलपुर सिस्टम के मरम्मत कार्य के लिए 4 फरवरी को शाम 4 बजे से 24 घण्टे के लिए शट डाउन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी वजह से निवाई ग्रामीण व शहरी क्षेत्र, टोडा, पीपलू, फागी, चाकसू, बौंली, बस्सी एवं दौसा में 5 व 6 फरवरी को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

### थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा।** कस्बे के निकट स्थित ग्राम पंचायत काचरोदा के पंचायत समिति सदस्य ने फुलेरा पुलिस थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि 21 दिसम्बर को स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम काचरोदा स्थित श्री श्याम मन्दिर से मुकुट व छत्र चोरी हो गया था। वारदात हुए एक महीना हो गया है। परन्तु अब तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से परे हैं। ज्ञापन के माध्यम से आग्रह करते हुए कहा कि छत्र व मुकुट चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार सजा दिलवाये।वहीं धरने प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।

### संभागीय आयुक्त अजमेर कल टोंक में

**टोंक ।** संभागीय आयुक्त अजमेर भंवर लाल मेहरा 3 फरवरी गुरूवार को टोंक जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मेहरा गुरूवार को प्रात: 11 बजे उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, मालपुरा का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त उपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार टोंक में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगे।

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित संजीवनी कट के पास रोड पार करते वक्त ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। पुलिस के अनुसार सतपाल पुत्र रामस्वरूप कुमावत निवासी लक्ष्मी नगर दिल्ली-जयपुर रोड पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे तेज गति से उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। जिसे यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया।


### नगर पालिका की बजट बैठक 14 को

**श्रीमाधोपुर।** नगरपालिका मंडल श्रीमाधोपुर के अधिशासी अधिकारी रजत जैन के अनुसार नगरपालिका मंडल श्रीमाधोपुर की बजट बैठक 14 फरवरी सोमवार को प्रात 11 बजे नगरपालिका के सभागार में होगी।

# पानी की टंकी को तय जगह पर बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**पावटा, (निसं)।** पावटा की शिवनगर ढाणी में जल जीवन मिशन से स्वीकृत टंकी मय पाइप लाइन यथावत स्थान पर ही निर्माण करने की मांग को लेकर ढाणी के सैंकडों ग्रामीणों व महिलाओं ने रोष जताते हुए विरोध प्रदर्शन कर टंकी निर्माण ढाणी शिवनगर में तय स्थान पर ही बनाने की मांग की।

- पावटा की शिवनगर की ढाणी में सैंकड़ों ग्रामीणों ने टंकी का कार्य अन्यत्र स्थान पर ले जाने पर रोष जताया



शिवनगर ढाणी में टंकी को यथावत स्थान पर निर्माण करने को लेकर सैंकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया।

शिवनगर ढाणी निवासी रामु खारवाल, भगोता, पूर्व वार्ड पंच रामसिंह खारवाल, रिछपाल, रामकुमार, गोकुल पंच, सोहन, चुन्नीराम, रामस्वरूप, ग्यारसी, रामकरणसिंह सहित सैकडों महिला व पुरूषों ने रोष जताते हुए बताया कि पावटा कस्बे की शिवनगर ढाणी में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत टंकी मय पाइप लाइन के साथ स्वीकृत हुई थी। जिसके पूर्व में मिट्टी सैम्पल लेकर जांच कराई जाकर स्वीकृती मिलने पर टंकी की खुदाई का कार्य शुरू कर निर्माण सामग्री भी डाल दी गई थी। टंकी निर्माण में लोहे के सामान की कटाई भी कर दी गई थी। वहीं ऊंचाई के हिसाब से भी जगह का चयन किया गया था। जिससे शिवनगर, धामाकाला, जोहडाधाम की ढाणी, जनाना अस्पताल के पीछे, मोदी फैक्ट्री के पीछे पानी की सप्लाई पूर्ण व सुचारू रूप से हो सकेगी।

वहीं कुछ दिनों से कार्य शुरू होते ही कार्य को रोककर आनन फानन में इस टंकी निर्माण को अन्यत्र करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की अगर इस टंकी का निर्माण शिवनगर की ढाणी में तय जगह पर निर्माण नहीं किया गया तो शिवनगर ढाणी में पानी की आपूर्ति ना के बराबर हो जाएगी। वही पूर्व में भी शिवनगर में पावटा से जल सप्लाई हेतू पानी की पाईप लाईन डाली गई थी। लेकिन शिवनगर की ऊचाई पर होने के कारण आज तक पानी नहीं आता है।

रामसिंह खरवाल, गोकुल खारवाल ने बताया की शिवनगर में करीब 3 हजार की आबादी है व 250 घर वही इस ढाणी में करीब 600 मतदाता है। साथ ही एक राजकीय विद्यालय व आंगनगाडी केन्द्र संचालिक है। वर्ततान में पानी के लिए ढाणी में कोई संसाधन नहीं होने पर रोजमर्रा में काम आने वाला व पशुओं के लिए काम आने वाला पानी के लिए खेलणा के पास एक हैडपम्प पर या खातियों की ढाणी पर हैडपम्प से पानी लाया जाता है। ढाणी के सैकडों ग्रामीणों ने रोष जाते हुए जलजीवन मिशन के तहत टंकी व पाईप लाईन को शिवनगर की ढाणी में तय स्थान पर बनाने की मांग की और अगर इस टंकी को अन्यत्र स्थान पर ले जा या जाता है तो विरोध करते हुए आन्दोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान सैंकडों लोगों ने रोष जताया।

जलदाय विभाग पावटा जेईएन गगन गुर्जर ने बताया की टंकी का निर्माण जहां ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा उस स्थान पर बनाई जाएगी।

## सांभर से हरिद्वार के लिये बस सेवा शुरू

**सांभरझील।** विद्याधर आगार द्वारा सांभर से हरिद्वार वाया दिल्ली के लिये मंगलवार की शाम को रोडवेज बस सेवा का शुभारम्भ किया।

मुख्य प्रबन्धक कैलाशचन्द बड़ाया ने बताया कि यह बस जयपुर से सांभर के लिये दोपहर 1.35 पर प्रस्थान करके यहां पर पहुंची। इस अवसर पर विधायक निर्मल कुमावत, चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी की ओर से संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर सायं 4.45 पर सांभर से हरिद्वार के लिये रवाना किया। बताया गया कि इस दौरान मार्ग पर पड़ने वाले गांवों के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा जगह जगह इस भव्य स्वागत किया गया। चौमू से पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा बस को प्रस्थान करवाया गया। इस अवसर पर जयपुर जोन की जोनल मैनेजर अनिला बड़सीवाल, नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी, नगर कांग्रेसाध्यक्ष सीपी व्यास, महामंत्री राकेश कश्यप, पूर्व पार्षद चन्द्रप्रकाश सैनी, पार्षद शकील शेख, बालूराम नोगिया, विवेक पारासर, पूर्व पार्षद अशोक पारीक, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोपाललाल टाक, भाजयुमो अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश माली, पूर्व मण्डल अध्यक्ष वर्धमान काला, उपाध्यक्ष शंकरलाल कुमावत, विवेक उर्फ विक्की पारासर सहित अनेक की मौजूदगी रही।

## जयपुर प्रदर्शन में कोटपूतली निवासी भाजयुमो प्रदेश मंत्री घायल

**कोटपूतली, (निसं)।** अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) भर्ती में हुई कथित धांधली, घोटाले व भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश भर में गहलोत सरकार के खिलाफ आक्रोश का माहौल है। उक्त मामले को लेकर पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजयुमो राजस्थान की ओर से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया।

जहां पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा व भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान शर्मा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में भाग लेने कोटपूतली से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। बढ़ते विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी कर दिया। जिसमें कोटपूतली निवासी युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल व सिद्धार्थ टोरडा, सौरभ शेखावत, महेश हलसर, मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सोनू चौधरी व कमलेश गुर्जर आदि कार्यकर्ता घायल हो गये। प्रदेश मंत्री विनोद सिंह को गंभीर चोटें आने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# वंचित लोगों का टीकाकरण करवाने के निर्देश दिये

**टोंक, (निसं)।** सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला स्तरीय टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लॉम्बाकला का निरीक्षण कर संस्थान के स्टाफ के साथ सेक्टर स्टाफ की बैठक ली एवं बरवास ग्राम में मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिंरजीवी स्वास्थय शिविर का निरीक्षण किया। उक्त टीम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान, डीएनओ रामकल्याण शर्मा, जिला पीसीपीएनडीटी कोर्डिनेटर जगदीश गुर्जर, एडीएनओ आरबीएसके डॉ. गंगासहाय उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लॉम्बाकला का निरीक्षण किया।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महबूब खान ने बताया की कोरोना वायरस को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैदी से जुटी हुई हैं। जिले की चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं जायजा लेने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया, साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेकर उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। डॉ. खान ने बैठक में चिकित्सा संस्थान के स्टाफ चिकित्सा प्रभारी, नर्सिंग कर्मी , एएनएम, आषा सहयोगिनीयो आदि को निर्देश दिये की अपने सेक्टर के 15 से 18 आयु वर्ग के साथ-साथ प्रिकोशन डोज, प्रथम व द्वितीय डोज से वचिंत लोगों का कोविड टीकाकरण शत प्रतिशत करवाने के आवश्यक निर्देश दिये। डॉ0 खान ने बैठक में बताया की गर्भवती महिला की अनिवार्य 4 जाँच समय रहते करना आवश्यक व संस्थागत प्रसव को बढावा देना साथ गर्भवती महिला व बालकों का टीकाकरण शत प्रतिशत करना साथ पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री करवाने के सभी चिकित्साकर्मी को निर्देश दिये। बैठक के दौरान उन्होंने बताया की चिरंजीवी स्वास्थय बीमा योजना, पीसीपीएनडीटी, ई-संजीवनी, मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के साथ चिकित्सा विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर के पेंडिंग कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.परसराम चौधरी व नर्सिंग कर्मी आशा सहयोगिनीयां, कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**निवाई।** सोमवार की रात सिरोही रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची और मृत व्यक्ति को झिलाय स्थित सीएचसी लेकर आए। झिलाय अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने अस्पताल में मोर्चरी नहीं होने की बात कहकर शव को निवाई स्थित राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार सींदरा ग्राम पंचायत की बनवारीपुरा की ढाणी निवासी राधेश्याम उम्र 42 वर्ष पुत्र भागुता बैरवा सोमवार की देर शाम कारीगरी का कार्य करके बडागांव से अपने घर के लिए लौट रहा था। इसी दौरान गांव झिलाय के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी। सिर में चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई । थाना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मृतक के पर्स से मिले आधार कार्ड के आधार पर शव की शिनाख्त की गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही ढाणी में कोहराम मच गया । पुलिस ने शव को निवाई अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

# यादव समाज ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**कोटपूतली/पावटा, (निसं)।** पाली सांसद पी पी चौधरी व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उपखण्ड अधिकारी के साथ किये गये अमर्यादित व्यवहार को लेकर यादव महासभा कोटपूतली व यादव महासभा पावटा ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश आर्य को ज्ञापन सौंपा है।

जिसमें गत 29 जनवरी को जोधपुर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक के दौरान पाली सांसद पीपी चौधरी व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा शेरगढ़ (जोधपुर) उपखण्ड अधिकारी हवाईसिंह यादव के साथ किये गये अमर्यादित व

- केन्द्रीय मंत्री शेखावत द्वारा उपखण्ड अधिकारी से दुर्व्यवहार को लेकर रोष

अपमानजनक व्यवहार को लेकर रोष व्यक्त किया गया है। यादव महासभा कोटपूतली में अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी की अध्यक्षता में एवं पावटा यादव महासभा में अध्यक्ष रामनिवास यादव पूर्व तहसीलदार की अध्यक्षता में मिटिंग कर समाज के सभी लोगों ने पाली सांसद पी पी चौधरी व केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा अमर्यादित व्यवहार, धमकी भरे अंदाज व दहशत का माहोल पैदा करने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये भर्त्सना की गई।

ज्ञापन में राज्य सरकार से जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व गिरदावर रामनिवास यादव, किशोरीलाल गुरूजी, रामचन्द्र वकील, राजेन्द्र यादव ऑडिटर,सुभाष वकील, प्रोफेसर बलवीर यादव, प्रोफेसर राजेश यादव, रामकुमार भूमिका, अमीचंद डाबड, तन्मय कुमार, हरीराम, किशोर, मंगलराम, प्रकाश, रामेश्वर, पवन, राधेश्याम, रामसिंह, घर्मपाल, राजेन्द्र सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एसपी ने उनियारा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया

**चौरू/उनियारा, (निसं)।** उनियारा पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने उनियारा पुलिस थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला पुलिस अधीक्षक के उनियारा थाने पर पहुंचने पर जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इसके पश्चात पुलिस जवानों से बात करते हुए थाने में साफ सफाई रखने तथा प्रतिदिन नया काम करने के निर्देश दिए। किसी भी जवान पर किसी भी प्रकार का आक्षेप नहीं लगे इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अवगत कराएं। वहीं थाने में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को गहनता से सुनकर निस्तारण करें। ताकि आमजनों में पुलिस के प्रति अटूट विश्वास बना रहे। निरीक्षण के दौरान रोज नामचा, मालखाना, बंदी गृह, पुलिस बैरिक, एसएचओं आफिस आदि का निरिक्षण कर थाना परिसर का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अपराधियों की धर पकड करने तथा रात में माकूल गस्त करने तथा लम्बित प्रकरणों का निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उनियारा कस्बें में यातायात पुलिस कर्मी लगाने का आश्वासन भी उन्होंने दिया ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे और किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पडे।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान, थानाधिकारी राधाकिशन मीणा, सहायक थानाधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा, उनियारा उपखंड अधिकारी रजनी मीणा सहित जवान मौजूद थे।

# एसीबी टीम ने मालपुरा पालिका के आधा दर्जन कार्मिकों से की पूछताछ

**मालपुरा, (निसं)।** बीते दिनों 12 जनवरी को जयपुर ग्रामीण एसीबी द्वारा मालपुरा नगरपालिका में की गई ट्रैप की कार्यवाही के बाद नियुक्त किये गये जांच अधिकारी चन्द्र गुप्त महावर की अगुवाही में एसीबी टीम मंगलवार को मालपुरा पालिका पहुंच आधा दर्जन कार्मिकों से पूछताछ कर पालिका अध्यक्ष व परिजनों से जांच में सहयोग की बात की।

जांच अधिकारी चन्द्र गुप्त महावर व उनकी टीम ने पालिका के कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा, वरिष्ठ लिपिक निहालचन्द जैन, प्रीतम दास सिंधी से बंद कमरे में तकरीबन एक घंटे पूछताछ की। टीम द्वारा पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी को पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया गया। लेकिन पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी पारिवारिक कार्य के चलते शहर से बाहर होना सामने आया। तकरीबन दो घंटे की पालिका में



जयपुर ग्रामीण एसीबी टीम ने मालपुरा नगरपालिका पहुंच कार्मिकों से पूछताछ की।

पूछताछ के पश्चात टीम ने मालपुरा थाने पहुंच ट्रैप की कार्यवाही में गिरफ्तार संविदाकर्मी योगेन्द्र कुमार गौतम व प्राईवेट ठेकेदार प्रेमचन्द माली व तीसरे नामजद आरोपी मनीष सोनी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी छानबीन की।

एसीबी के जांच अधिकारी के मालपुरा पालिका पहुंचने की मिली सूचना के बाद पहुंचे मिडियाकर्मियों को जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त 15 फरवरी तक एसीबी


- 12 जनवरी को एसीबी द्वारा मालपुरा नगरपालिका में की ट्रैप की कार्यवाही का मामला

की हिरासत में हैं। वही पालिका पहुंचे पार्षद युधिष्टर सिंधी, श्योजीराम शर्मा, डॉ. अंकित जैन, सुरेन्द्र गंवारिया व पार्षद पति दिनेश विजय ने जांच अधिकारी से मिल अवगत करवाया कि शिकायतकर्ता ठेकेदार व गिरफ्तार अभियुक्त प्रेमचन्द माली के बीच आपसी लेन-देन को कुछ लोगों ने अध्यक्ष पति के कहने पर बकाया भुगतान की एवज में घुस लेना बता पालिका अध्यक्ष की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया तो जांच अधिकारी ने पार्षदों से कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## सार-समाचार

### पत्रकार मोहन गौड को पितृ शोक

**पावटा।** पत्रकार मोहन कुमार गौड के पिता बेनी प्रसाद गौड (75) का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पावटा श्मशान घाट में किया गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। बेनी प्रसाद गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। इलाज के लिए उन्हें चौमू के बराला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सोमवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। पावटा में बेनी प्रसाद धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में अपनी महत्तवपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी मृत्यु की सूचना आने के बाद कस्बे में शोक की लहर है ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। वहीं श्याम बिहारी, राजेन्द्र प्रसाद, श्रवण कुमार, चन्द्र प्रकाश भ्राता व मोहन कुमार पुत्र व समस्त गौड परिवार ने बताया कि बेणीप्रसाद गौड़ का स्वर्गवास 1.02.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 3.02.2022 गुरुवार को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आगमन-प्रस्थान निवास स्थान-बालनाथ कॉलोनी , सागर कॉलेज के पास, कुनेड रोड़, पावटा पर होगी।



### ईमानदारी का परिचय दिया

**बहरोड।** कस्बे में बस स्टैंड रोड स्थित श्रीराम एजेंसी जोशी बाजार में आज एक दहमी निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी सामान खरीदने आया। ग्राम दहमी निवासी राजेंद्र यादव सामान खरीद कर लोड कराने के बाद टैंपू को अपने घर रवाना कर बाजार के लिए निकले। श्रीराम एजेंसीज के प्रोपराइटर सेवा निवृत इंस्पेक्टर नवल सिंह सीआरपीएफ गंडाला निवासी का जब ध्यान इस अनजान बैग पर आया तो उन्होंने इसे संदिग्ध मानते हुए दुकान पर कार्य कर रहे लोगों से पूछा। उनमें से किसी का बैग नहीं होने पर हाल ही दुकान पर सामान खरीद कर गए राजेंद्र यादव के घर फोन करके बैग छोड जाने की सूचना दी। जिस पर सेवानिवृत्त कर्मचारी राजेंद्र यादव वापस आए और उन्होंने अपना बैग सही सलामत मिलने पर खुशी का इजहार किया। बैग में भारी नकदी और जरूरी कागजात होने पर राजेंद्र यादव ने श्रीराम एजेंसीज के व्यवस्थापक इंस्पेक्टर नवल सिंह यादव निवासी गंडाला का आभार जताते हुए शुक्रिया अदा किया।

### चिकित्सामंत्री के जन्मदिन पर फल बांटे

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा 71 वें जन्मदिन के उपलक्ष पर संस्कृत महाविद्यालय में केक काटा एवं उप जिला चिकित्सालय एवं उप जिला जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किए गया। इस दौरान पीसीसी सदस्य रामबिलास के खेमावास, पंचायत समिति प्रधान नाथूलाल मीणा, चेयरमैन नगर पालिका लालसोट रक्षा मिश्रा, खादी बोर्ड समिति चेयरमैन दिनेश मिश्रा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र जी पांखला, सुदीप मिश्रा, एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष विजय मीणा, कमलेश लोटन, पार्षद राजशे सैनी, सद्दाम हुसैन,विजय गुर्जर , रमेश वर्मा , टेकचंद ,कपिल पुरोहित , रीना महावर ,विष्णु साहू , लक्ष्मी नारायण माली ,एलम जैन, रामजी लाल सैनी, संजय प्रजापति,रोहित पंसारी, इरफान खान, सोनू महावर ,सुनील साहू, सोहन लाल साहू, हरि शर्मा, पूर्व पार्षद महेश धोबी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया

**चाकसू, (निसं)।** नगर पालिका परिसर में वार्ड 19 की पार्षद सलमा बानो अपने पति सफीक खान एवं वार्ड वासियों के साथ वार्ड की विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर सोमवार से धरने पर बैठे होने पर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा एवं पालिका ईओ जितेंद्र कुमार मीणा से 3 दिन में वार्ड की विभिन्न समस्याओं के समाधान के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया है। पार्षद पति सफीक खान ने बताया कि मंगलवार को नगर पालिका में वार्ड पार्षद सलमा खान के द्वारा धरना दिया गया करीब 1:30 बजे के नगर पालिका प्रशासन चेयरमैन, सेक्रेटरी ने आकर सलमान खान से वादा किया कि जल्द ही 3 दिन के अंदर हम आपके कार्य का निपटारा कर देंगे यह कहने के बाद सलमा खान ने अपनी जगह और धरना समाप्त कर दिया है सलमान खान एक निर्दलीय पार्षद है।

### खैरथल से चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद

**खैरथल।** स्थानीय थाना पुलिस ने पांच दिनों पूर्व घर के बाहर से चोरी हुए ट्रेक्टर को हरसौरा थाना क्षेत्र में सुनसान जगह से बरामद किया है। थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि गत 25 जनवरी को कस्बे के अम्बेडकर सर्किल के पास रहने वाले अशोक कुमार प्रजापत के घर के बाहर खडे महेन्द्रा ट्रेक्टर को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस पर एस एच ओ भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में एचसी दिनेश कुमार,रोशन लाल व विजय सिंह को शामिल कर गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व तकनीक विज्ञान की सहायता से तलाश करते हुए ट्रेक्टर को बानसूर उपखंड के हरसौरा थाना में सुनसान जगह पर खडे हुए बरामद किया गया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### नि:शुल्क शिविर आज

**देवली।** विशाल आई केयर ट्रस्ट और जिला अंधता निवारण समिति कोटा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विशाल आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर का आयोजन होगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विशाल स्नेही की ओर से बिना चीर फाड के लैंश प्रत्यारोपण कर नैत्र ऑपरेशन किए जाएंगे। वहीं अन्य नैत्र रोगियों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। जन सेवा समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मंगल ने बताया कि रोगियों को ऑपरेशन के लिए बस के द्वारा कोटा ले जाने व वापस लाने की व्यवस्था नि:शुल्क होगी। रोगी का रक्तचाप व ब्लड शुगर टैस्ट भी नि:शुल्क होगा। इसके अलावा रोगियों को चश्मा, दवाईयां, भोजन, नाश्ता, चाय व ठहराव सहित की व्यवस्था भी रहेगी।

### दो के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**बौंली।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बौंली थाने में 2 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। बौंली थाना प्रभारी श्रीकिशन मीणा ने बताया कि 1 गांव की महिला ने अपने भाई के साथ थाने पर उपस्थित होकर 2 लोगों के खिलाफ अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि जटावती निवासी दिनेश माली व कालू उर्फ मदन मीणा ने 31 जनवरी को बाइक पर बैठा कर घर से ले गए एवं एक मकान में ले जाकर दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीओ बामनवास तेज कुमार पाठक कर रहे हैं।

### छात्रावास के लिए 51 हजार रुपये दिये

**कोटपूतली।** स्थानीय ग्राम भालोजी निवासी शंकर लाल यादव द्वारा शिक्षण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृति पर यादव समाज द्वारा माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। यादव महासभा प्रवक्ता रामकरण यादव (पुरस्कृत प्राध्यापक )ने बताना कि यादव महासभा कोटपूतली अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के साथ समाज के प्रबुद्धजनों ने शंकर लाल यादव की शिक्षण सेवा में श्रेष्ठ योगदान पर सराहना की। इस दौरान शंकर लाल यादव गुरूजी ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की तर्ज पर श्री कृष्ण महिला छात्रावास कोटपूतली में निर्माणाधीन ऊपरी विंग में कमरा निर्माण के लिए 51 हजार रूपये का सहयोग प्रदान करने की घोषणा की जिसका सभी उपस्थित ग्रामवासियों ने साधुवाद देते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अवैध शराब सहित एक जना गिरफ्तार

**निवाई।** दत्तवास पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान अवैध शराब के आरोप एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दत्तवास थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम को आईजी अजमेर के निर्देशों पर नाकाबंदी के दौरान ललवाडी मोड से एक व्यक्ति से पूछताछ की गई। उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिस जाप्ते ने कट्टे को खोलकर देखा तो देशी शराब के 60 पव्वे मिले। इस पर पुलिस ने ताराचंद पुत्र रामकिशोर निवासी संग्रामपुरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 60 अवैध देशी शराब के पव्वे जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषाहार दिया

**बोराज।** कस्बे के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को गृभवति धात्री महिलाओं व 7 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा के मुख्य आथित्य में पोषाहार वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा जैन ने बताया कि ब्लॉक सुपरवाईजर सुशीला मीणा के निर्देश पर गृभवति महिलाओं व बच्चों को पोषाहार में दाल,चावल, गेहूं का वितरण किया गया ।



मुझे लगता है कि उन्हें सबसे पहले यह तय करने की जरूरत है कि वह एक सलामी बल्लेबाज है या मध्यक्रम के बल्लेबाज है। क्योंकि वह दक्षिण अफ्रीका में कप्तान थे और उन्होंने ओपनिंग की। जो मेरे लिये थोड़ा निराशाजनक था। क्योंकि वह नंबर 4 व 5 पर काफी सफल रहे है।

– अजीत अगरकर

केएल राहुल की भूमिका को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ड्वेन ब्रावो



वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा ऑक्शन के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया है। ब्रावो आईपीएल के स्टार क्रिकेटर हैं और पिछले कुछ सालों से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ जुड़े रहे हैं। 38 वर्षीय ब्रावो को इस बार रिटेन नहीं किया गया और वह आईपीएल 2022 के लिए दो करोड के बेस प्राइस के साथ नीलामी में उतरेंगे। ब्रावो इसके साथ ही एक खास रिकॉर्ड भी बना लेंगे। आईपीएल के पहले सीजन (2008) से लेकर 2022 तक कम से कम नीलामी में शामिल रहे पहले विदेशी क्रिकेटर बन जाएंगे।

क्या आप जानते हैं ?... मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो डी जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

# आईपीएल नीलामी में उतरेंगे 590 खिलाड़ी

## बेंगलुरु में 12 और 13 फरवरी को होगी नीलामी

### नीलामी के लिये पंजीकृत 590 खिलाड़ियों में से 228 कैप्ड, 355 अनकैप्ड और 7 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी है

नयी दिल्ली, 1 फरवरी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से मंगलवार को 2022 सीजन की मेगा नीलामी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की। बेंगलुरु में 12 और 13 फरवरी को होने वाली दो दिवसीय मेगा नीलामी में कुल 590 खिलाड़ियों की नीलामी होगी। नीलामी के लिए पंजीकृत 590 खिलाड़ियों में से 228 कैप्ड , 355 अनकैप्ड और सात एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी हैं।

रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, पैट कमिंस, क्विंटन डिकॉक, शिखर धवन, फ़ाफ़ डुप्लेसी, श्रेयस अय्यर, कैगिसो रबादा, मोहम्मद शमी और डेविड वॉर्नर बड़ी नीलामी की शुरुआत करने वाले मार्की (सबसे नामचीन) सेट का हिस्सा होंगे। मंगलवार को आईपीएल ने नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की अंतिम सूची साझा की। इस सूची की संख्या को 1214 से छांटकर 590 खिलाड़ियों पर रोका गया है। इस अंतिम सूची में 44 नए खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं जिन्हें फ्रैंचाइज़ी के अनुरोध पर नीलामी सूची में पंजीकृत किया गया था। उन 44 नए खिलाड़ियों में एक नाम इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर का है, जिनके बारे में ईसीबी ने हाल ही में कहा था कि वह कोहनी की सर्जरी से उबरने के अंतिम चरण में हैं और जून में क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। मंगलवार को टीमों को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी हेमांग अमीन ने कहा कि आर्चर खिलाड़ियों के त्वरित सेट का हिस्सा होंगे, जो खिलाड़ी नंबर 161 से शुरू होगा।

अमीन ने यह भी कहा कि ईसीबी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आर्चर के आईपीएल 2022 में खेलने की संभावना नहीं है और अगर कोई फ्रैंचाइज़ी उन्हें चुनती है तो उन्हें रिप्लेसमेंट नहीं मिलेगा। अमीन ने कहा, "ईसीबी ने 2023 और 2024 में संभावित भागीदारी की दृष्टि से जोफ्रा आर्चर को नीलामी के लिए पंजीकृत किया है, क्योंकि उनकी मौजूदा चोट के कारण उनके आईपीएल 2022 में भाग लेने की संभावना नहीं है। इसलिए, उनका नाम नीलामी सूची में शामिल किया गया है, लेकिन वह मार्की या अन्य सेटों में पेश नहीं होंगे। वह त्वरित नीलामी के दौरान बुलाए जाने के लिए उपलब्ध होंगे। जो कोई भी उन्हें चुनेगा, उसे इस सीज़न के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ी नहीं मिलेगा क्योंकि वह पहले से चोटिल हैं और इस सीज़न में उनके भाग लेने की संभावना नहीं है।

590 खिलाड़ियों की इस सूची में 228 कैप्ड और 355 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। साथ ही असोसिएट देशों से सात खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। मार्की खिलाड़ियों के बाद कैप्ड खिलाड़ियों और अनकैप्ड खिलाड़ियों की एक-एक सूची के साथ नीलामी आगे बढ़ेगी। विशेषता का क्रम इस प्रकार होगा : बल्लेबाज़, ऑलराउंडर, विकेटकीपर-बल्लेबाज़, तेज़ गेंदबाज़ और स्पिन गेंदबाज़।


पहले चरण में कई ऐसे नाम हैं जो इस नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बन सकते हैं। इनमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज़ इशान किशन शामिल हैं जिन्होंने दोनों नई टीमें लखनऊ सुपर जायंट्स और अहमदाबाद के प्रस्तावों के बावजूद नीलामी में प्रवेश करने का फ़ैसला किया था।

किशन के अलावा कैपड खिलाड़ियों के पहले चरण में पिछले सीज़न में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले हर्षल पटेल, टी20 विश्व कप के फ़ाइनल में प्लेयर ऑफ़ द मैच रहे ऑलराउंडर मिचेल मार्श, वेस्टइंडीज़ की सीमित ओवर टीम के उपकप्तान निकोलस पूरन, युवा भारतीय ओपनर देवदत्त पड़िक्कल और वेस्टइंडीज़ के लिए हैट्रिक लेने वाले पहले खिलाड़ी बने जेसन होल्डर भी शामिल हैं। पहले चरण में दिनेश कार्तिक, ड्वेन ब्रावो और सुरेश रैना के रूप में अनुभवी खिलाड़ी भी मौजूद हैं।

अंडर-19 विश्व कप में सभी को प्रभावित करने वाले डेवाल्ड ब्रेविस भविष्य के लिए एक अच्छे विकल्प बन सकते हैं। 18 वर्षीय डेवाल्ड ब्रेविस एक और खिलाड़ी हैं जिनपर सभी की निगाहें रहेगी। अंडर-19 विश्व कप में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रेविस ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया हैं। एबी डीविलियर्स को अपना आदर्श मानने वाले ब्रेविस ने कई फ्रैंचाइज़ियों का ध्यान आकर्षित किया है जिन्होंने बताया है कि उनकी शानदार तकनीक उन्हें भविष्य के लिए एक अच्छा विकल्प बनाती है।

# आर्चर की मेगा आईपीएल नीलामी में वापसी, 2023 सीजन से खेलने के लिए उपलब्ध होंगे

मुंबई, 1 फरवरी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने आईपीएल 2022 के लिए होने वाली मेगा नीलामी में वापसी की है। क्रिकबज के मुताबिक आर्चर ने बेंगलुरु में 12 और 13 फरवरी को होने वाली मेगा नीलामी के लिए अपना नाम सूचीबद्ध किया है, जिसकी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को फ्रेंचाइजियों से पुष्टि की।




आर्चर ने खुद का आधार मूल्य दो करोड़ रुपए रखा है। बीसीसीआई ने हालांकि सभी फ्रेंचाइजियों को यह स्पष्ट किया है कि 26 वर्षीय तेज गेंदबाज का इस साल के आईपीएल में भाग लेना उनकी मौजूदा चोट की स्थिति को देखते हुए संदेहजनक है। उनका नाम नीलामी में इसलिए जोड़ा गया है, क्योंकि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि उनका 2023 और 2024 सीजन में खेलना निश्चित है।

बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजियों को 44 नए नामों की एक सूची उपलब्ध कराने के लिए एक पत्र लिखा है, जिन्हें फ्रेंचाइजियों के आग्रह पर नीलामी रजिस्टर में जोड़ा गया है। बीसीसीआई ने कहा, ईसीबी ने 2023 और 2024 में संभावित भागीदारी के मद्देनजर आर्चर को नीलामी के लिए पंजीकृत किया है, क्योंकि उनकी मौजूदा चोट के कारण उनके आईपीएल 2022 में भाग लेने की संभावना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि नीलामी रजिस्टर को 1214 खिलाड़ियों की मूल सूची से घटाकर 590 कर दिया गया है, जिसे 22 जनवरी को संकलित और वितरित किया गया था। रजिस्टर में जोड़े गए आर्चर इंग्लैंड के एकमात्र खिलाड़ी है। इसमें एक और उल्लेखनीय नाम ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का है। सिडनी में हाल ही में एशेज टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले ख्वाजा ने शुरुआत में नामांकन नहीं किया था। आर्चर और ख्वाजा के अलावा 44 नए लोगों की नई सूची में अफगानिस्तान का एक, ऑस्ट्रेलिया के पांच, भारत के 11, आयरलैंड के दो, न्यूजीलैंड के छह, स्कॉटलैंड के दो, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के चार तथा दक्षिण अफ्रीका के सात खिलाड़ी शामिल हैं।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने लैंगर के पुनः आवेदन की रिपोर्टों का किया खंडन



कैनबेरा, 1 फरवरी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अपनी भूमिका में बने रहने के लिए पुनः आवेदन करने का दावा किया गया था। लैंगर का अनुबंध इस साल जून में समाप्त होने वाला है और इस भूमिका में उनके भविष्य पर संदेह बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि लैंगर ने 28 जनवरी को मेलबोर्न में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले और उच्च प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय टीमों के कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर से मुलाकात की थी। अमेरिका के खेल प्रसारणकर्ता फोक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक बैठक काफी उठा रही थी, इस बीच क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी कर कहा, यह बैठक यह न तो उठा थी और न ही गर्म और लैंगर को यह नहीं बताया गया था कि अगर उन्हें 2018 से अपनी भूमिका में बने रहना है तो उन्हें एक और आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा जाएगा।

क्रिकेट डॉट कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, वैसे हम गोपनीय बातचीत पर टिप्पणी नहीं करते हैं, लेकिन अब हमें लगा कि इस मौके पर चीजों को सही करना महत्वपूर्ण है। अन्य झूठे दावों के बीच हम इस दावे को सिरे से खारिज करते हैं कि बैठक उठा या गर्म थी और जस्टिन को अपनी भूमिका के लिए फिर से आवेदन करने के लिए कहा गया था। जस्टिन को इस साल के मध्य तक मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित किया गया है और हमने लगातार यह सुनिश्चित किया कि उनकी भूमिका के भविष्य के बारे में चर्चा एशेज सीरीज के समापन के बाद शुरू होगी।



मंगलवार से शुरू हुए जयपुर पोलो सत्र के पहले टूर्नामेंट राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप के पहले मुकाबले में बेदला पोलो ने तेलंगाना पोलो को साढ़े चार के मुकाबले छह गोल से हराया। बेदला पोलो के लिये हिम्मत सिंह बेदला और धनंजय सिंह ने 2-2, हुर अली और लांस वाटसन ने 1-1 गोल किया। तेलंगाना के लिये नवीन सिंह ने 2, बशीर अली और हमजा अली ने 1-1 गोल किये तथा आधे गोल का उसे लाभ मिला।

# टाटा ओपन के रूप में एक और खिताब अपने नाम करना चाहते है बोपन्ना

पुणे, 1 फरवरी। खिताब के साथ सीजन की शुरुआत करने के बाद भारत के स्टार पुरुष युगल जोड़ीदार- रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन पुणे में अपने नाम के साथ एक और खिताब जोड़ना चाहते हैं। बालेवाड़ी कॉम्प्लेक्स में जारी 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र में बोपन्ना और रामकुमार को दूसरी सीड मिली है और अब यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार है। पूर्व विश्व नंबर-3 बोपन्ना को लगता है कि रामकुमार की ऊर्जा और जुनून ने उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की आजादी दी है और इसी कारण वह अपने इस जोड़ीदार के साथ पुणे में एक और शानदार सप्ताह की उम्मीद कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चौथी बार खेलने के लिए तैयार बोपन्ना ने मंगलवार को यहां वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, चाहे वह डेविस कप हो या कोई अन्य टूर्नामेंट, मैंने रामकुमार को एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होते देखा है। मैं उसे ऑफ कोर्ट बहुत अच्छी तरह से जानता था और ऑन कोर्ट सौहार्द ने हमें वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की। बोपन्ना और रामकुमार ने जनवरी में एडिलेड में पहली बार एक साथ कोई खिताब जीता था। अब ये दोनों महाराष्ट्र लान टेनिस संघ द्वारा आयोजित किए जा रहे दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 टूर इवेंट के चौथे संस्करण में शुरुआती दौर के मुकाबले में अमेरिकी जोड़ी-जेमी सेरेटानी और निकोलस मोनरो का सामना करेंगे।



# जयपुर एकेडमी सेमीफाइनल में





जयपुर, 1 फरवरी, यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 24वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये नॉक आउट दौर के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में लेफ्ट आर्म स्पिनर मिहीत अग्रवाल 13 रन पर 3 विकेट, अंशुल गढ़वाल 13 रन पर 2 विकेट व आफताबुद्दीन 23 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी तथा रणजी खिलाड़ी अमित गौतम 64 रन नाबाद की शानदार पारी की बदौलत जयपुरिया एकेडमी ने संस्कार क्रिकेअ एकेडमी को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला अरावली क्रिकेट एकेडमी से होगा। प्रतियोगिता का अगला मेच बृहस्पतिवार को खेला जायेगा।

**संक्षिप्त स्कोर**

संस्कार क्रिकेट एकेडमी 122 रन 9 विकेट खोकर 37 ओवर में।

(एम. अभिषेक यादव 42 रन, आदित्य झाला 27 रन, भावेश शर्मा 12 रन मिहीत अग्रवाल 13 रन पर 3 विकेट, अंशुल गढ़वाल 13 रन पर 2 विकेट व आफताबुद्दीन 23 रन पर 2 विकेट लेकर जयपुरिया की ओर से सफल गेंदबाज रहे)

जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी 123 रन 3 विकेट खोकर 23.1 ओवर में।

(अमित गौतम 64 रन नाबाद, राहुल खण्डेलवाल 34 रन, आदित्य झाला 19 रन पर 1 विकेट व अनिरुद्ध कोशिक 14 रन पर 1 विकेट लेकर संस्कार एकेडमी की ओर से सफल गेंदबाज रहे)

# 16 से खेला जा सकता है रणजी ट्रॉफी का लीग चरण

मुम्बई, 1 फरवरी। रणजी ट्रॉफ़ी 2021-22 का लीग चरण 16 फ़रवरी से 5 मार्च के बीच खेला जा सकता है। 38 टीमें नौ जगहों पर नॉकआउट राउंड में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। चेन्नई, अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु, राजकोट, कटक, गुवाहाटी, कोलकाता और हैदराबाद में लीग चरण के मैच होंगे। व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए एक ही मैदान पर लगातार मैच होने हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा की है कि एलीट ग्रुप की चार-चार टीमें एक स्थान पर भिड़ेंगी। हालांकि यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि प्लेट ग्रुप की छह टीमें आपस में कहां भिड़ेंगी। 27 जनवरी को बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा था कि रणजी ट्रॉफ़ी दो चरणों में होगा। लीग चरण फ़रवरी-मार्च और नॉकआउट चरण आईपीएल के बाद जून में होगा।

# मिस्टर जयपुर बॉडी बिल्डिंग 6 को

जयपुर, 1 फरवरी। जयपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में मिस्टर जयपुर सीनियर व जूनियर जिला बॉडी बिल्डिंग, मैन्स स्पोर्ट फिजिक प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी, रविवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब के ऑडीटोरियम में आयोजित किया जायेगा। जयपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि जूनियर प्रतियोगिता में आयु वर्ग 21 वर्ष रहेगा।


# भारत ने चीन को फिर पीटा

मस्कट, 1 फरवरी। महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पदार्पण करने वाली भारतीय महिला टीम ने चीन को फिर हरा दिया और प्रो लीग की तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। भारत ने चीन को कल 7-1 के बड़े अंतर से रौंदा था और आज उसने चीन के संघर्ष को 2-1 से काबू कर लिया। चीन ने पहले हाफ में निराशाजनक खेल दिखाया जबकि भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया।

भारत को तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला जिसे गुरजीत कौर ने गोल में बदल दिया। भारत पहले क्वार्टर की समाप्ति तक कोई और गोल नहीं कर पाया। दूसरे हाफ में चीन ने बेहतर खेल दिखाया। वांग शुमिन ने भारतीय गोलकीपर सविता को पराजित कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद चीन के गोल पर जवाबी हमले किये और इसका उसे फायदा मिला। भारत को पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन दीप ग्रेस एक्का का शॉट बाहर चला गया।

# आईपीएल 2022 में गेंदबाजी करने पर बोले हार्दिक, यह सभी के लिए सरप्राइज

अहमदाबाद, 1 फरवरी। नई आईपीएल फ्रेंचाइजी अहमदाबाद के कप्तान चुने गए स्टार भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने उनके 2022 आईपीएल सीजन में गेंदबाजी करने को लेकर कहा है कि यह सभी के लिए सरप्राइज होगा। हार्दिक ने मंगलार को इस संबंध में सवाल पूछे जाने के जवाब में कहा कि उनकी टीम को पता है कि वह कहां खड़े हैं। उन्होंने इस बारे में सीधा जवाब नहीं दिया, हालांकि उन्होंने अपनी कप्तानी के नजरिए, अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और वह अहमदाबाद फ्रेंचाइजी की संस्कृति को कैसे आकार देना चाहते हैं, के बारे में आशावादी होते हुए बातचीत की।



राशिद खान, शुभमन गिल, मुख्य कोच आशीष नेहरा और टीम के मेंटर गैरी कर्स्टन के साथ हार्दिक चाहते हैं कि उनका पक्ष नई विरासतों की गाथा लिखे, क्योंकि फ्रेंचाइजी का लक्ष्य ऊंचाइयों को छुना है।

हार्दिक ने अपनी नई यात्रा के बारे में बताया, हम शून्य से शुरुआत कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नई विरासतें बना सकते हैं और नई संस्कृतियां बना सकते हैं जिनका मैं समर्थन करना चाहता हूं। यह एक बहुत ही रोमांचक समय होने जा रहा है।


**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

प्रारूप -10 नियम 6 (7) देखिए

क्रमांक- नपाश्रीमा./2022-23/4284 दिनांक- 01.02.2022

श्री कानसिंह पुत्र श्री मोहनसिंह, निवासी ग्राम जालपाली श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला सीकर तहसील खण्डेला | श्रीमाधोपुर | 2608 | 0.2300 हैक्टर में से 461.80 वर्गगज अर्थात 386.12 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा-90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.02.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका लालसोट**

क्रमांक-170 **लोक सूचना** दिनांक- 01.02.2022

1. श्री राजेश सैनी पुत्र छोटूलाल सैनी, श्रीमती मोनिका सैनी पत्नी राजेश सैनी, डॉ. अशोक कुमार सैनी पुत्र छोटू लाल सैनी, श्रीमती भावना सैनी पत्नी डॉ. अशोक कुमार सैनी, डॉ. विनोद कुमार सैनी पुत्र छोटू लाल सैनी, डॉ. सरोज पत्नी डॉ. विनोद कुमार सैनी निवासी बावडी वालो की ढाणी लालसोट जिला दौसा।

ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक संस्थानिक (हॉस्पिटल) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिला सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लालसोट जिला दौसा | राजोली | खसरा नं.337/203/4, रकबा 19 बिस्वा | 2402.82 वर्गमीटर |
| | | | कुल किता 1, रकबा 19 बिस्वा | कुल 2402.82 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन संस्थानिक (हॉस्पिटल) प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम मसय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.02.2022 को जारी की गयी।

(सीमा चौधरी)
प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका लालसोट

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक- नपाश्रीमा./2022-23/4288-89 दिनांक- 01.02.2022

श्री अरूण अग्रवाल पुत्र स्व. श्री भागीरथमल जाति महाजन निवासी वार्ड नम्बर 24 सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 24 सुराणी बाजार में अवस्थित व्यावसायिक दुकान | चर्तुसीमाऐं निम्न प्रकार से है-पूर्व दिशा में राधेश्याम अशोक कुमार की दुकान, पश्चिम दिशा में संजय कुमार की दुकान, उत्तर दिशा में सॉवरमल थोईवाले का मकान व दक्षिण दिशा में बरामदा छोडकर मैन सुराणी बाजार अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 7.6 फुट, व उत्तर से दक्षिण 26 फुट कुल क्षेत्रफल 21.66 वर्गगज या 18.12 वर्गमीटर है |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 01.02.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक- नपाश्रीमा./2022-23/4291-92 दिनांक- 01.02.2022

श्री संजय कुमार पुत्र स्व. श्री भागीरथमल जाति महाजन निवासी वार्ड नम्बर 24 सुराणी बाजार श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 24 सुराणी बाजार में अवस्थित व्यावसायिक दुकान | चर्तुसीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में अरुण कुमार की दुकान पश्चिम दिशा में मुण्डरूवाले की दुकान, उत्तर दिशा में सावरजी थोईवाले का मकान व दक्षिण दिशा में बरामदा छोडकर मैन सुराणी बाजार अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 7.6 फुट, व उत्तर से दक्षिण 26 फुट कुल क्षेत्रफल 21.66 वर्गगज या 18.12 वर्गमीटर है |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक 01.02.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

दिनांक-31.01.2022

**कब्जा सूचना अचल (संपत्ति हेतु)**

**वित्तीय आस्थियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित नियम 8(2) तथा परिशिष्ठ-4 के अनुसार**

ऋण खाता संख्या (1) 007110000000015 एवं (2) 0070437000000007 जबकि अधोहस्ताक्षरी ने मालवीय अरबन कोऑपरेटिव बैंक लि. के प्राधिकारी अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्थियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 "अधिनियम" के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवतन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत एक मांग सूचना दिनांकित 11.08.2021 जारी की थी, जिसमें कर्जदार/सह कर्जदासर/गारंटी/प्रतिभूति प्रदाताओं नामत - मैसर्स सवाई क्रियेशन (बोरोवर) जरिये विधिक उत्तराधिकारी मंजूलता शर्मा माता स्वर्गीय प्रदीप शर्मा एवं सपना शर्मा पत्नी स्व. प्रदीप शर्मा एवं मैसर्स जगदम्बा टॉवर एसोसियेट एलएलपी जरिये पार्टनर राजेश शर्मा एवं बिरेन्द्र सिंह राघव (गारंटर एवं मोर्टगेजर) से उक्त मांग सूचना में वर्णितानुसार दिनांक 31.3.2021 तक बकाया राशि भारतीय रूपये 1,42,81,793/- अक्षरे एक करोड बियालीस लाख इक्यासी हजार सात सौ तीरानवे रूपये मात्र तथा उपरोक्त राशि पर उसके बाद भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक उद्भूत और उपगत संविदात्मक दरों पर ब्याज, अनुषंगी खर्चो, लागतों, प्रभारों, इत्यादी उक्त मांग सूचना की तिथी से 60 दिवस के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

चूंकि कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/प्रतिभूति प्रदाता अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांकित 11.08.2021 में वर्णित बकाया पूर्ण राशि, उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद भी चुकाने में विफल रहे है, अतः कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/प्रतिभूति प्रदाताओं को तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का प्रलक्षित कब्जा दिनांक 31.01.2022 को प्राप्त कर लिया है।

एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/प्रतिभूति प्रदाताओं तथा जनसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार उक्त बकाया राशि एवं उस पर ब्याज हेतु मालवीय अरबन कोऑपरेटिव बैंक लि. की 31.03.2021 तक बकाया राशि रूपये 1,42,81,793/- अक्षरे एक करोड बियालीस लाख इक्यासी हजार सात सौ तीरानवे रूपये मात्र तथा/अथवा उपरोक्त राशि पर उसके बाद तथा/अथवा वसूली की तिथि तक उद्भुत और उपगत संविदात्मक दरों पर ब्याज, अनुषंगी खर्चो/लागतों/प्रभारों/इत्यादी के प्रभावहीन होगा।

कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/प्रतिभूति प्रदाताओं का ध्यान, प्रत्यभूत अस्थियों को छुडाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**बी-25, बेसमेंट फ्लोर, जगदम्बा टॉवर, प्लॉट नंबर ई-3, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर परिमाप 800 स्क्यारफीट के सभी अंश एवं खण्ड उत्तर में प्लॉट नम्बर 80, दक्षिण में प्लॉट नम्बर 78, पूर्व में रोड आमद रफत एवं पश्चिम में प्लॉट नंबर 71 एवं 80**

स्थान-जयपुर
दिनांक-31/01/2022

विरेन्द्र सिंह रतनावत
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते मालवीय अरबन कोऑपरेटिव बैंक लि.

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

**(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)**

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**

**कब्जा नोटिस**

**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 20.04.2021 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. मै. खुशी मेडीकल एजेन्सीज प्रो. विकास खंडेलवाल, 2. श्रीमती सुनीता खंडेलवाल, 3. श्री विकास खंडेलवाल को जारी किया गया था, जिसमें दिनांक 09.04.2021 की तिथी को नोटिस में उल्लेखित राशी रुपये 45,87,185.57/- (रुपये पैतालीस लाख सत्तासी हजार एक सौ पिच्चासी और पैसे सत्तावन मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ती से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जनवरी 2022 के 28वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रूपये रुपये 45,87,185.57/- (रुपये पैतालीस लाख सत्तासी हजार एक सौ पिच्चासी और पैसे सत्तावन मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**सम्पत्ति यूनिट नं. एसटी-17/18, क्षेत्रफल 223.20 वर्गफिट, बेसमेंट फ्लोर, "मयूर टॉवर" पैलाट नं. 15 और 16, धूनी का घेर, नाटाणियों का रास्ता, जयपुर राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और भूमि/टॉवर की सीमायें है- पूर्व-दामोदर जी रामनारायण जी मालपानी की बिल्डिंग, पश्चिम-रास्ता नाटाणियों का, उत्तर-रास्ता, दक्षिण-फुटपाथ और उसके बाद नेहरू बाजार।**

दिनांक-28.01.2022
स्थान- जयपुर
ऋण खाता नं. 13198227, 12872848 तथा 32696817

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व नाम केपिटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित)

# वायु सेना में महिला पायलटों को एक्सिपेरिमैंटल नहीं परमानैंट कमीशन मिलेगा

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस निर्णय की घोषणा की

नई दिल्ली, 1 फरवरी (वार्ता)। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम उठाते हुए वायु सेना में अब महिलाओं को प्रायोगिक के बजाय स्थायी योजना के तहत लड़ाकू पायलट के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को खुद इस निर्णय की घोषणा की। सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना में महिला लड़ाकू पायलटों को भर्ती करने की प्रायोगिक योजना को स्थाई योजना में बदलने का निर्णय लिया है। यह भारत की नारी शक्ति की क्षमता तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी सशक्तिकरण के प्रति वचनबद्धता का प्रमाण है।

वायु सेना में महिला पायलटों को लड़ाकू भूमिका के लिए पहली बार वर्ष 2016 में मौका दिया गया था जिसके बाद 3 महिला अधिकारियों ने लड़ाकू विमान के पायलट के रूप में प्रशिक्षण लिया था। वर्ष 2018 में फ्लाइंग ऑफिसर अवनी चतुर्वेदी ने अकेले लड़ाकू विमान उड़ा कर इतिहास रचा था।

उल्लेखनीय है कि, उच्चतम न्यायालय ने कुछ महीने पहले ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिलाओं की भर्ती को मंजूरी देते हुए सरकार से अकादमी के दरवाजे महिलाओं के लिए खोलने का आदेश दिया था।

सरकार द्वारा प्रायोगिक आधार पर महिलाओं के लिए फाइटर स्ट्रीम खोलने का फैसला करने के एक साल से भी कम समय बाद, चतुर्वेदी जुलाई 2016 में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन की गई तीन सदस्यीय महिला टीम का हिस्सा थीं। 2020 में, नौसेना ने डोर्नियर समुद्री विमान पर महिला पायलटों के अपने पहले बैच को तैनात करने की घोषणा की। इसने विमानवाहक पोत आई.एन.एस. विक्रमादित्य सहित लगभग 15 अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर 28 महिला अधिकारियों को तैनात किया है और इस तरह की और नियुक्तियों की योजना के साथ संख्या बढ़ने की तैयारी है।

2019 में सेना ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिलाओं को सैन्य पुलिस में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की। सैन्य पुलिस की भूमिका में छावनियों और सेना प्रतिष्ठानों की पुलिसिंग, सैनिकों द्वारा नियमों और विनियमों के उल्लंघन को रोकना, शांति और युद्ध के दौरान सैनिकों की आवाजाही के साथ-साथ रसद को बनाए रखना और जब भी आवश्यक हो, नागरिक पुलिस को सहायता प्रदान करना शामिल है। 2016 में आई.ए.एफ. की फाइटर स्ट्रीम में शामिल होने की एक्सपेरिमेंट योजना लागू होने के बाद 16 महिलाओं को फाइटर पायलट के रूप में कमीशन किया गया है। ये वायु सेना के इतिहास में एक बड़ा क्षण था।

वायुसेना के एक प्रवक्ता ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने इसे स्थायी योजना बनाने की मंजूरी दे दी है।" यह फैसला ऐसे समय में आया है जब सशस्त्र बलों में महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोले गए हैं। नौसेना अपने पुरुष समकक्षों के साथ युद्धपोतों पर सवार होने के लिए उन्हें और अधिक अवसर देने की योजना के साथ आगे बढ़ रही है, सेना ने उन्हें हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति दी है और वे स्थायी कमीशन की पात्र हैं।




*गहलोत सरकार ने भी अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने के मामले में सख्ती दिखाते हुये रीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा की गोपालपुरा बाइपास के पास 1667 वर्गगज में बनी अवैध इमारत को ध्वस्त करवा दिया है। जे.डी.ए. के अवैध निर्माण निरोधक दस्ते ने मंगलवार को इस चार मंजिला इमारत को तोड़ने की कार्रवाई की। रामकृपाल मीणा ने यहां सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके कॉलेज और स्कूल बना रखी थी।*

## वित्त मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देने वाली योजनाओं का कोई उल्लेख नहीं किया। इसी प्रकार, ईस्टर्न एंड वैस्टर्न डैडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स (डी.एफ.सी.) को पूरा करने, या रेल की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने के बारे में भी कुछ नहीं कहा गया। सन् 2019 से अब तक यह तीसरा वर्ष है, जब ट्रान्सपोर्टरों का ऑपरेटिंग रेशियो (एक रुपया कमाने के लिये खर्च किये गये पैसे) 100 प्रतिशत से ऊपर चला गया है, जबकि पेंशन व्यय की व्यवस्था सरकारी तथा एक्स्ट्रा बजटरी सपोर्ट से करके इण्डियन रेलवे (आई.आर.) इसे 100 प्रतिशत से नीचे रखने की कला प्रदर्शित कर चुका है।

रेल -कन्सल्टैंट सुधांशुमणि ने कहा, "पिछले दो वर्षों में, कॉम्पट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सी एंड ए जी) ने आई.आर. को आँकड़ों में गड़बड़ करने के लिये झाड़ लगाई है।" आई.आर. को आज कर्ज के ब्याज को चुकाने में स्थगन मिल गया, लेकिन इसका बकाया कर्ज आज की स्थिति में 4 लाख करोड़ से ज्यादा है। जब इस स्थगन-काल की समाप्ति शुरु होगी, कर्ज की राशि बहुत ज्यादा बढ़ चुकी होगी। मणि ने कहा, "इस बजट में पूँजीगत व्यय पर 2.45 लाख करोड़ रु. और आवंटित किये गये हैं, जबकि समझदारी यह होती कि इस खर्च में कटौती की जाती तथा निवेश की वापसी के पूर्व और बाद के ऑडिट का और अधिक ताकतवर तंत्र स्थापित किया जाता। रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य राजेश अग्रवाल ने कहा कि, इस समय जरुरत इस बात की थी कि कोई न्यायिक कमेटी गठित की जाती तथा रेल-वित्त पर श्वेत पत्र जारी किया जाता।

# रीट पेपर लीक के आरोपी रामकृपाल मीणा का स्कूल-कॉलेज ध्वस्त

## गहलोत सरकार ने भी अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने के मामले में सख्ती दिखाई

जयपुर, 1 फरवरी (कासं)। रीट पेपर लीक के आरोपी रामकृपाल मीणा ने गोपालपुरा बायपास के नजदीक जगन्नाथपुरी में सरकारी जमीन पर कब्जा करके एस.एस.कॉलेज और स्कूल बना रखी थी, इस बिल्डिंग पर मंगलवार को जेडीए ने बुलडोजर चलाया।

प्रवर्तन टीम ने करीब 1667 वर्गगज पर बनीं इस चार मंजिला इमारत को ध्वस्त किया। यहां पर 9 कमरे बनाये हुए थे, इसी इमारत की चौथी मंजिल पर आरोपी रामकृपाल और उसके परिजन रहते थे। इस कार्रवाई के बाद चर्चा है कि जिस तरह से उत्तरप्रदेश (यूपी) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपरलीक करने वाले आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलवाये हैं, ठीक वैसे ही राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सख्ती दिखाने का दिखावा किया है।

- **जयपुर में गोपालपुरा बाईपास स्थित जगन्नाथपुरी में 1667 वर्ग गज सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई थी चार मंजिला अवैध इमारत।**

जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि, गोपालपुरा बायपास के नजदीक जगन्नाथपुरी में जहां पर यह कॉलेज और स्कूल बना हुआ था, उसका बड़ा हिस्सा सरकारी जमीन पर था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली, तभी जोन उपायुक्त को कहकर मौके की रिपोर्ट मंगवाई। स्कूल-कॉलेज सरकारी जमीन पर बने होने की पुष्टि होते ही इस बिल्डिंग को तोड़ने के आदेश दे दिये। मंगलवार से मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी के निर्देशन में बिल्डिंग को तोड़कर जमीन पर कब्जा करने का काम शुरू हो चुका है। इस जमीन पर जेडीए संपत्ति का बोर्ड लगाया जायेगा।

## "मोबाइल व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वक्तव्य देने के लिए भी उन्होंने कागज़ का सहारा लिया।

जी.एस.टी. की उच्चतम प्राप्तिओं के बारे में घोषणा करते समय भी उनके हाथ में एक कागज़ था। इसे वो अपने बजट भाषण में शामिल नहीं कर पाई थीं।

प्रधानमंत्री ने पूरा बजट भाषण सुना तथा जब भी वित्त मंत्री ने कोई महत्वपूर्ण बात कही, उन्होंने अन्य सदस्यों के साथ मेज थपथपाकर उसका स्वागत किया।

# सिद्धू अब केवल अमृतसर से ही चुनाव लड़ेंगे

अमृतसर, 1 फरवरी (वार्ता)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की अमृतसर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती आज स्वीकार की।

- **सिद्धू ने मजीठिया की चुनौती हाथोंहाथ स्वीकार की।**
- **मजीठिया ने सिर्फ एक ही सीट से चुनाव लड़ने तथा अमृतसर विधानसभा सीट से सिद्धू को उनके सामने खड़े होने की चुनौती दी थी।**

मजीठिया ने यहां मीडिया को सम्बोधित करते हुये कहा कि वह अब दो जगह से नहीं बल्कि अमृतसर पूर्व से ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी गनीव कौर उनके स्थान पर मजीठा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। कौर ने गत सोमवार को मजीठा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

# कांग्रेस ने अखिलेश व शिवपाल यादव के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारे

## कांग्रेस का मकसद है कि, वह भाजपा को हराने में अखिलेश की पूर्ण मदद करना चाहती है

लखनऊ, 1 फरवरी। मैनपुरी की करहल सीट से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और इटावा की जसवंतनगर सीट से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया व सपा-प्रसपा गठबंधन के उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ उम्मीदवार उतारने से परहेज किया है। ऐसा करके कांग्रेस ने भविष्य में भाजपा के खिलाफ जरूरत पड़ने पर समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाने का स्पष्ट संकेत दिया है। हालांकि, कांग्रेस ने करहल सीट पर पहले अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था, लेकिन मंगलवार को नामांकन करने से रोक दिया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश की सभी 403 सीटों पर पार्टी के चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। यह बात और है कि कांग्रेस ने सपा मुखिया अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ अब प्रत्याशी नहीं उतारने का निर्णय किया है। चुनाव की आहट तेज होते ही कांग्रेस और सपा के गठबंधन की अटकलों को अखिलेश ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि बड़े दलों का स्ट्राइक रेट खराब होता है। उनका इशारा कांग्रेस के साथ 2017 में हुए सपा के गठबंधन की ओर था। सपा और कांग्रेस दोनों का मुख्य लक्ष्य भाजपा को हराना है।

- **ऐसा करके कांग्रेस ने भविष्य में भाजपा के खिलाफ जरूरत पड़ने पर समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाने का स्पष्ट संकेत दिया है।**

बीते दिनों एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा था कि विधान सभा चुनाव के बाद यदि सपा को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने की जरूरत पड़ी तो इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस के इस कदम को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है।

हालांकि, इस बारे में कांग्रेस के मीडिया व कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी का कहना है कि मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली और अमेठी में कभी प्रत्याशी नहीं उतारा। राजनीतिक शिष्टाचार को निभाते हुए कांग्रेस ने भी अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। उन्हॉंने यह भी कहा कि कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य भाजपा को हराना है। भाजपा के खिलाफ करहल और जसवंतनगर सीटों पर लड़ाई कमजोर न हो, इसलिए भी पार्टी ने दोनों सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने से परहेज किया है।

## "क्रिप्टो...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लगाया जाएगा।

चिदंबरम ने कहा कि, "यह स्पष्ट रूप से किसी को लाभान्वित करने वाला नहीं है, क्योंकि भारत की 99.9 प्रतिशत जनता के लिए डिजिटल असैट्स कोई मायने नहीं रखती।"

राहुल गांधी के "ज़ीरो-सम बजट" ट्वीट पर चिदंबरम ने ठेठ तमिल भाषा में टिप्पणी की।

उन्होंने इसे इस तरह से वर्णित किया- ज़ीरो कैश एसिस्टैन्स, जिन लोगों ने अपनी नौकरियां खोईं, उनके लिए ज़ीरो, जो लोग नौकरी की तलाश में हैं, उनके लिए ज़ीरो, एम.एस.एम.ई. के लिए ज़ीरो, जो लोग कुपोषण और भुखमरी से त्रस्त हैं, उनके लिए ज़ीरो, अतः ज़ीरो प्लस ज़ीरो, प्लस ज़ीरो, प्लस ज़ीरो, प्लस ज़ीरो का योग भी ज़ीरो ही हो सकता है।

# 'या तो भारत के कानून का सम्मान करे अन्यथा अपनी दुकान बंद करे ट्विटर'

नई दिल्ली, 1 फरवरी। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने आपत्तिजनक सामग्री हटाने के अपने आदेश का सम्मान नहीं करने के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर पर करारा प्रहार किया। अदालत ने ट्विटर से यह बताने के लिए कहा है कि इस मुद्दे पर क्यों न उसे बंद कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा, आपको अनिवार्य रूप से देश के कानून का पालन करना होगा, नहीं तो आप अपनी दुकान बंद कर दें।

मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एम. सत्यनारायण मूर्ति की खंडपीठ ने कहा कि ट्विटर की गतिविधि अदालत की अवमानना की तरह है। खंडपीठ ने सोमवार को पूछा कि उसके खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया क्यों न शुरू की जाए। कोर्ट ने ट्विटर को अगली सुनवाई के दिन इस संबंध में एक शपथपत्र दाखिल कराने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई सात फरवरी को तय कर दी। कड़ा रुख अपनाते हुए हाई कोर्ट ने ट्विटर से कहा कि बचने के लिए वह तकनीकी का सहारा नहीं ले सकती।

- **आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने आदेशों की अवहेलना के मामले में ट्विटर के खिलाफ यह सख्त टिप्पणी की।**

हाई कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा, पिछली सुनवाई के दौरान हमने स्पष्ट आदेश दिया था कि आपत्तिजनक सामग्री को तत्काल हटाया जाए। ऐसा करने में विफल रहने पर अदालत की अवमानना मानी जाएगी। यदि आपको अपनी सेवा जारी रखनी है तो आपको अनिवार्य रूप से देश के कानून का पालन करना होगा, नहीं तो आप अपनी दुकान बंद कर दें।

विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सत्ताधारी वाई.एस.आर. कांग्रेस के सदस्यों एवं समर्थकों द्वारा न्यायपालिका के खिलाफ आपत्तिजनक एवं अपमानजनक पोस्ट से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई चल रही है। इसी मामले की सुनवाई में सोमवार को ट्विटर को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट की नाराजगी का सामना करना पड़ा। हाई कोर्ट के आदेश पर सी.बी.आई. इस मामले की जांच कर रही है और इस सिलसिले में अभी तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# 'करोना से बच्चों को भारी नुकसान हुआ अब उनके लिए बजट आवंटन में भी कटौती हुई'

## कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि, मोदी सरकार ने बाल अधिकारों के मद में आवंटित राशि में 23 फीसदी की कटौती की है

नई दिल्ली 1 फ़रवरी (वार्ता)। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में बच्चों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के मद में कटौती करने पर चिंता जाहिर की है।

के.एस.सी.एफ. ने बयान जारी कर कहा कि पिछले बजट में बच्चों के मद में कुल बजट का 2.46 फीसदी धन आवंटित किया गया था , जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह घटकर 2.35 फीसदी रह गया है। यह 2008 से बाल अधिकारों के मद में आवंटित की जा रही अभी तक की सबसे कम धनराशि है।

- **पिछले बजट में बच्चों के मद में कुल बजट का 2.46 फीसदी धन आवंटित किया गया था , जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह घटकर 2.35 फीसदी रह गया है। यह 2008 से बाल अधिकारों के मद में आवंटित की जा रही अभी तक की सबसे कम धनराशि है।**

उन्होंने कहा कि करोना महामारी ने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य से लेकर उनकी देखभाल, पोषण, पेयजल, स्वच्छता और संरक्षण को काफी प्रभावित किया है। समाज के हाशिए पर रहने वाले गरीब लोगों की आमदनी में कमी होने से उनके बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग, शोषण, यौन दुर्व्यवहार, अपमान और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी पहलुओं को देखते हुए केंद्रीय बजट में बच्चों के हित में धनराशि बढ़ाए जाने की जरूरत थी। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन महिला और बाल विकास मंत्रालय के बजट आवंटन पर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले वित्तीय साल के मुकाबले आठ प्रतिशत की कमी की गई है, जो वर्ष 2020-21 के 20,401 करोड़ रूपये से घटकर 2022-23 में 18,859 करोड़ रूपये हो गया है। पिछले चार वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण भी राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एन.सी.एल.पी.) के कार्यान्वयन के लिए किए गए बजट आवंटन में लगातार कमी का संकेत देता है।

## तेजपाल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एन.वी.रमना एवं न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना तथा हिमा कोहली की बैंच ने उस समय दिया, जब तेजपाल की ओर से प्रस्तुत हुये वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने इस केस को शीघ्र सूचीबद्ध किये जाने का अनुरोध किया, क्योंकि दो जज इसकी सुनवाई से अलग हो चुके हैं। सी.जे.आई. ने कहा, "हम इसे पुनः सूचीबद्ध करेंगे।" दो अलग-अलग सुनवाइयों में अलग हो जाने वाले दो जज हैं- न्यायमूर्ति यू.यू. ललित तथा एल. नागेश्वर राव। तेजपाल ने अपील में मांग की है कि, गोवा सरकार द्वारा की गई अपील की "इन -कैमरा" सुनवाई की जाये। ज्ञातव्य है कि 21 मई 2021 को ट्रायल कोर्ट उसे दोषमुक्त घोषित कर चुका है।

# निर्मला सीतारमण इकॉनमी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहे थे कि, विन्टर ओलम्पिक्स में शामिल होने वाले सभी लोग इस मुद्रा से भुगतान करें, तथा सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई थीं।

लेकिन ओमिक्रॉन फैलने तथा कोविड आइसोलेशन के नये तथा अत्यधिक सख्त नियमों के कारण, चीन के चीनी सी.बी.डी.सी. की लॉन्चिंग रोक दी है।

दूसरी तरफ, चीनी एन.एफ.टी. (नॉन फंजिबल टोकन्स) जैसी डिजिटल परिसम्पत्तियों का ट्रेड बढ़ रहा है। उदाहरण के लिये इससे डिजिटल आर्ट को खरीदा जा सकता है।

यह लोगों के पास है तथा डिजिटल असैट्स मार्केट में खरीदी-बेची जा रही है। भारतीय लोग भी ऐसी एन.एफ.टी. खरीद-बेच रहे हैं तथा अब इस प्रकार की करैन्सी की ट्रेडिंग पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

एन.एफ.टी. रियल टाइम डिजिटल आर्ट है। बहुत से आर्टिस्ट अपने आर्टवर्क को डिजिटल फॉर्मेट में बदल रहे हैं तथा इन्हें डिजिटल नीलामी प्लेटफॉर्मों पर प्रस्तुत कर रहे हैं। इन डिजिटल आर्ट्स के मालिक अपने आर्टवर्क के स्वामित्व को बनाये रखते हैं तथा इन्हें खदीद-बेच सकते हैं।

वित्त मंत्री वर्तमान प्राइवेट डिजिटल करैंसियों तथा बड़ी ट्रेडिंग करने की प्रवृत्तियों में भारतीयों के प्रवेश को हतोत्साहित करने या कम करने की कोशिश कर रही हैं। भारतीय खरीददार वर्तमान ग्लोबल प्राइवेट डिजिटल करैन्सियों को लेकर दिन पर दिन बहुत सक्रिय हो रहे थे। सुस्थापित डिजिटल करैंसी एक्सचैंजों में ट्रेडिंग की मात्रा बढ़ती जा रही है।

इनके लिये, जब तक सब सही चल रहा है, अच्छी बात है। लेकिन इसका अर्थ यह भी है कि लोग बड़ी मात्रा में ट्रेडिंग करके बढ़ते हुए दायित्वों (ऑब्लिगेशन) को कम कर रहे हैं। बड़ी मात्रा में घाटे का मतलब भुगतान संबंधी ऑब्लिगेशन भी हो सकता है।

डिजिटल असैट्स ट्रेडिंग पर टैक्स लगाये जाने से, डिजिटल एक्सचेंज तथा डिजिटल करैंसी लेने वाले लोग-दोनों ही हतोत्साहित अनुभव करेंगे। इसलिये, ऐसा संभव है कि वर्तमान प्राइवेट डिजिटल करैंसियों की ट्रेडिंग तथा कुल भारतीय निवेश पर टैक्स लगने का प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

इसलिये, इस पर टैक्स लगने का नतीजा यह होगा कि, उन भारतीयों की संख्या में कमी आएगी जो वर्तमान डिजिटल असैट्स तथा करैंसियों की ओर जा रहे हैं।

दूसरी तरफ, भारत डिजिटल करैंसी के वैश्विक लेन-देन के मामले में सबसे आगे होगा। ज्ञातव्य है कि डिजिटल करैंसी मूलभूत रूप से करैंसी की परिकल्पना (कॉन्सेप्ट) को पूरी तरह बदल रहा है। कौड़ियों से आकारविहीन डिजिटल करैंसी तक की यात्रा अर्थव्यवस्था की प्राचीनतम संस्थाओं में एक धन की अवधारणा तक के विकास की कहानी है।

# 'बजट पूंजीवादी व्यवस्था को बढ़ाने वाला'

नई दिल्ली, 1 फरवरी (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदम्बरम ने आम बजट 2022-23 को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि इसमें गरीबों, कमजोरों, आदिवासियों, युवाओं, मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है और यह पूरी तरह से 'पूंजीवादी बजट' है।

- **चिदंबरम ने कहा कि, लोककल्याण को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है और सभी क्षेत्रों में सब्सिडी पर कटौती की गई है।**

चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा कि, देश की अर्थव्यवस्था 2019-20 के स्तर पर है यानी दो साल पीछे देश की अर्थव्यवस्था चल रही है लेकिन सरकार ने इससे उभरने के लिए कोई कदम बजट में नहीं उठाए हैं।

# वित्त मंत्री ने "गैर राजनीतिक"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बोल्ड अप्रोच अपनातीं।

लेकिन इस अप्रोच में प्राइस लाइन बाधा होगी। चूंकि हाल ही के महीनों में महंगाई स्थिर होकर मजबूत हो चुकी है, इसलिए क्षमता निर्माण का भारी व्यय आर्थिक सिस्टम में और पैसा ला सकता है जिससे मंहगाई बढ़ेगी।

इसके साथ ही "प्राइस लाइन" पर विचार करना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि महंगाई के एक बार स्थिर हो जाने पर उसे रोकना मुश्किल होगा। और तेजी से बढ़ती महंगाई कुल मिलाकर खेल बिगाड़ सकती है।

बजट किसी उद्योग अथवा अर्थव्यवस्था के किसी भाग को प्रोत्साहित करने के लिए किन्हीं "इन्सैन्टिब्ज या छूटों में फेरबदल का प्रयास नहीं कर रहा है। यह उस बड़े लक्ष्य पर अपनी आस्था प्रकट कर रहा है जो सभी सैक्टर्स को सक्रियता के एक उच्च स्तर पर ले जाएगा।

सीतारमण ने कड़ी समग्र रणनीति के अलावा, बजट में अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन की तकनीकी का समावेश किया है। वित्त मंत्री ने कृषि विकास के लिए "ड्रोन्स" के उपयोग तथा क्षेत्रीय भाषाओं के बढ़े हुए "डिजिटल एजूकेशनल कन्टैन्ट्स" के जरिए स्थानीय तकनीकी, ई-एजूकेशन और शिक्षण की बात की है और इन सबसे अधिक उन्होंने अब एक अधिकारिक डिजिटल करैन्सी की घोषणा की है।

एक परम्परागत बजट की अपेक्षा एक अधिक अवधि के विकास पथ पर चलने के चक्कर में उनके पास करों पर गौर करने का समय नहीं रहा। उन्होंने टैक्स के बेसिक स्ट्रक्चर को नहीं छेड़ा है और सभी टैक्स रेट्स अपरिवर्तित रखी गई हैं।

वास्तव में इसने थोड़ा भ्रम पैदा कर दिया है क्योंकि टैक्सेशन के वकील और विशेषज्ञ इस पर आश्चर्य प्रकट कर रहे हैं कि इनकम टैक्स या कस्टम अथवा ऐसे अन्य करों को क्या हो गया है।

वित्त मंत्री ने भारतीय घरेलू उद्योगों को ज्यादा संरक्षण प्रदान करने के लिए कस्टम ड्यूटीज़ में ही आंशिक फेरबदल किया है। संक्षेप में, वित्त मंत्री ने यह बजट बनाने में महाभारत से प्रेरणा प्राप्त की है तथा वे उद्धृत करती हैं:

"राजा को किसी भी तरह की विलासिता त्याग कर और राजधर्म अपनाकर अपनी जनता के योगक्षेम (कल्याण) के प्रबंध करने चाहिए और साथ ही धर्मानुसार टैक्स एकत्र करने चाहिए।" अन्ततः, उन्होंने पहली बार एक "धार्मिक" बजट पेश किया है।

## 'आरोप लग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जो भी दोषी पाया जाए, चाहे वह कितने भी बड़े पद पर क्यों ना हो और कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो, उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

पायलट ने कहा कि, लाखों परिवारों को यह सीधे तौर पर प्रभावित कर रहा है, ऐसे में सरकार को यह कदम उठाना ही होगा क्योंकि हम किसी नौजवानों को अकेला नहीं छोड़ सकते। जब लाखों का जीवन और भविष्य किसी मुद्दे से जुड़ा होता है, तो वह मुद्दा अपने आप ही गंभीर हो जाता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908